




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 254 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 14 जून 2024 डाक 15 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने परिवार के साथ तिरुपति जिले के तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की



**देश-विदेश**
कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के शवों लेकर भारत के लिए विमान ने भरी उड़ान, MOS कीर्तिवर्धन सिंह भी सवार



**फीचर पेज**
मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने के लिए अपनाएं ये तरीके




# कुवैत से लाए गए मृतकों के शव, कोच्चि एयरपोर्ट पहुंचे सुरेश गोपी, विदेश मंत्रालय के प्रयास को सराहा

**कोच्चि, 14 जून [एजेंसी]।**

कुवैत की इमारत में लगी आग में 49 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 45 भारतीय थे। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने शुक्रवार को कहा कि विदेश मंत्रालय ने घायल भारतीयों के इलाज को सुनिश्चित करने के प्रयास में अद्भुत भूमिका निभाई। राज्य मंत्री ने आगे बताया कि उन्होंने एक दिन के लिए अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। इस हादसे में मरने वालों के शव को लेने के लिए वह कोच्चि एयरपोर्ट पर हैं। केरल के राजस्व मंत्री के. राजन ने बताया कि 23 मलयाली, सात तमिल और कर्नाटक के एक व्यक्ति के शव को कोच्चि एयरपोर्ट पर लाया जाएगा। बाकी के शव को विमान से दिल्ली भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर शव के सार्वजनिक दर्शन के लिए व्यवस्था की गई है। इसके बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। के. राजन ने आगे बताया कि शव को तमिलनाडु ले जाने के लिए



अगर और एंबुलेंस की जरूरत पड़ी तो स्वास्थ्य विभाग इसकी व्यवस्था करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हमने प्रत्येक एंबुलेंस के लिए पायलट वाहन का भी इंतजाम किया है। केरल के राजस्व मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और अन्य राज्य मंत्री भी एयरपोर्ट पर आएंगे।

इससे पहले मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि विदेश मंत्रालय को कूटनीतिक रूप से हस्तक्षेप करने, घायल भारतीयों को इलाज सुनिश्चित करने और मारे गए लोगों के शव को वापस लाने का काम सौंपा गया। सुरेश गोपी ने आगे कहा, उन्होंने (विदेश मंत्रालय) अच्छा काम किया। अधिकारियों ने बताया कि अल-मंगफ इमारत में लगी आग में 49 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 45 भारतीय और बाकि पाकिस्तान, फिलीपींस, नेपाल के नागरिक हैं। दक्षिणी कुवैत के मंगफ क्षेत्र की इमारत में लगभग 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे।

## छत्तीसगढ़ में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, गरियाबंद में नक्सल संगठन से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर दी दबिश

**रायपुर, 14 जून [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सर्च आपरेशन को अंजाम दिया है। एनआईए की यह छापेमारी गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में प्रारंभ हुई। बताया जा रहा है कि एनआईए ने 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोल पार्टी के काफिले पर नक्सली आईईडी हमले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ में कई स्थानों की तलाशी ली। एनआईए की टीमों ने मामले में अपनी जांच के तहत गांव बड़ेगोबरा, पीएस मैनपुर, जिला गरियाबंद के नक्सल प्रभावित इलाके में छह संदिग्धों के परिसरों पर व्यापक तलाशी ली।

प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू)/समर्थकों के रूप में काम करने वाले संदिग्धों के परिसरों से तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और 2,98,000 रुपये नकद जब्त किए गए।

## जनता ने बीजेपी के अहंकार को रोका, मगर आरएसएस को करना पड़ेगा ये काम, संजय राउत के बयान से बढ़ी सियासी हलचल

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने अहंकार को रोक दिया है। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। उन्होंने चुनाव अधिकारियों को डरा-धमकाकर कई लोकसभा सीटों पर जीतने का आरोप बीजेपी पर लगाया है। संजय राउत ने कहा, जनता जनार्दन होती है।



जनता ही लोकतंत्र का भगवान है। आपने (बीजेपी) भगवान के सामने कुछ सीटों की चोरी की है। लगभग 30 से अधिक सीटें हैं, जहां बीजेपी हार गई लेकिन चुनाव अधिकारियों को डरा धमकाकर जीत हासिल की है। यह मामला कोर्ट में जाएगा। राउत ने आगे कहा, बीजेपी बुरी तरह से हार गई। मोदी और अमित शाह हार गए हैं। वाराणसी में नरेंद्र मोदी हार गए हैं। भगवान सब जगह हैं। आप अयोध्या, चित्रकूट और प्रभु राम की भूमि नासिक, रामेश्वरम और रामटेक में हारे। जहां-जहां भगवान श्रीराम रहे, वहां सभी पवित्र भूमि पर अहंकार का पराभव हुआ है।

## दतिया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, मां-बेटियों समेत पांच की मौत और 19 घायल



**भोपाल, 14 जून [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के दतिया जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां टैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में करीब 30 लोग सवार थे। सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हो गया। दतिया एसपी की ओर से जानकारी दी गई कि भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेथा और मैथाना- पाली की पुलिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया। घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा है, चिकित्सकों को सभी घायलों के बेहतर इलाज के दिशा-निर्देश दिए हैं। जानकारी के अुनसार दीसवार गांव के करीब 200 लोगों एक साथ रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे। सभी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर एक साथ निकले थे। इस दौरान ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट नीचे गिरकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में तीन लड़कियां और दो महिलाएं शामिल हैं। इनमें से दो लड़कियां और एक महिला एक ही परिवार की हैं। परिवार में एक साथ तीन लोगों की मौत से मातम पसर गया है। वहीं, हादसे से पूरे गांव में गमगीन माहौल है।

## सोनभद्र में सवारियों से भरी ऑटो ट्रक से टकराई, मची चीख-पुकार, छह लोग घायल



***सोनभद्र।*** *सोनभद्र के विंढमगंज थाना क्षेत्र से लगे 14 किलोमीटर दूर झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में कल रात भीषण सड़क हादसा हुआ। सवारियों से भरी ऑटो विपरीत दिशा से आ रही ट्रक में भीड़ गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एनएच 75 पर गढ़वा-मुड़ीसेमर के बीच श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के समीप हुआ। मृतकों में विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनौजिया (42), झारखण्ड के रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण (30), रमाशंकर भुइयां के पुत्र बिकेश (20), विनोद भुइयां के पुत्र राजा कुमार (21) एवं रामवृक्ष भुइयां के पुत्र राजकुमार (53) वर्ष शामिल हैं। वहीं, घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश, विढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचन्द्र भुइयां के पुत्र छोटूलाल, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुइयां के पुत्र उमेश, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज एवं रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय शामिल हैं।*





स्व. श्री मोहनलाल राठौर
अवसान दिनांक : 14.06.2002
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आर्शीवाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवार आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं....
आपका आर्शीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे....
श्रद्धावनत् :
श्रीमती हीर राठौर (पत्नी)
संतोष -निशा राठौर (पुत्र-पुत्रवधु) शशि-रामनारायण साहू (बेटी-दमाद)
निर्मला राठौर (पुत्री), दिव्या-अश्वनी, तृप्ति-रामानंद (नातिन-दमाद),
नौमिश साहू, माही राठौर अक्षय राठौर,
आयांश -नियांश राठौर (पौत्र-पौत्री) एवं समस्त परिवार.....


## भागवत के बाद इंद्रेश कुमार का बड़ा बयान, बोले- अहंकारियों को 241 पर रोक दिया, ये प्रभु का न्याय है

**जयपुर, 14 जून [एजेंसी]।**

भाजपा की टॉप लीडरशिप और आरएसएस के बीच के मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। सरसंघ चालक मोहन भागवत के बाद अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा जो अहंकारी हो गए हैं, उन्हें 241 पर रोक दिया, जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। यही प्रभु का न्याय है। इंद्रेश कुमार गुरुवार को जयपुर के पास कानोता में रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए। जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया। उनको जो पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी। उनमें से किसी को भी शक्ति नहीं दी।

सब मिलकर भी नंबर-1 नहीं बने, नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य है, बड़ा आनंददायक है। जिस पार्टी ने भक्ति की, अहंकार आया, उस पार्टी को 241 पर रोक दिया, पर सबसे बड़ी बना दिया। जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। उन्होंने कहा कि तुम्हारी अनास्था की यही दंड है, तुम सफल नहीं हो सकते। अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार पर भी इंद्रेश कुमार ने कहा कि जो राम की भक्ति करे, फिर अहंकार करे, जो राम का विरोध करे, उसका अकल्याण अपने आप हो गया।

## केजरीवाल को धमकी देने वाले अंकित की एक और करतूत, बदले की आग में जलने से बचा अपार्टमेंट

**बरेली, 14 जून [एजेंसी]।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धमकी देकर चर्चा में आया बैंक प्रबंधक अंकित गोयल आगजनी करके फरार हो गया है। उसने जीएम दफ्तर में आग लगाने से पहले पत्नी की कार फूंक दी थी। इससे ट्यूलिप ग्रेस टावर में बड़ा अग्निकांड होने से बच गया। अंकित की हरकतों से टावर के लोग सहमे हैं, उन्होंने प्रेमनगर पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। वहीं, सीडीओ दफ्तर में आगजनी की कोशिश के मामले में अंकित के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई गई है। बरेली में बैंक ऑफ बड़ौदा



की स्टेशन रोड शाखा में सहायक प्रबंधक अंकित गोयल ने केजरीवाल को धमकी दी थी। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। हालांकि उसी दिन उसे जमानत मिल गई लेकिन बैंक प्रबंधन ने उसे निलंबित कर दिया था। कार्रवाई से नाराज होकर अंकित गोयल ने बैंक के महाप्रबंधक दफ्तर में आग लगा दी थी। उसने विकास भवन स्थित सीडीओ दफ्तर में भी आगजनी की कोशिश की थी। इससे पहले उसने ट्यूलिप ग्रेस टावर के बेसमेंट में जाकर पत्नी मेघा दुबे की बलेनो कार में आग लगाई थी। चूंकि सोसायटी के लोगों ने फायर अलर्ट सिस्टम लगा रखा है तो धुआं निकलते ही तत्काल पानी के स्त्रोत खुल गए और बड़ी घटना टल गई। हालांकि कार बुरी तरह जल गई, पास खड़ी स्कूटी भी चपेट में आ गई।

## एसी बोगी का शीशा टूटा, यात्री का सिर फटा

**पटना 14 जून।** सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन पर चौसा स्टेशन पर असामाजिक तत्वों ने जमकर पथराव किया। देर शाम मेमू ट्रेन को चौसा स्टेशन पर रोककर इस एक्सप्रेस ट्रेन को गुजारा जा रहा था। इसे लेकर पैसेंजर ट्रेन के आक्रोशित यात्रियों ने ताबड़तोड़ पथराव शुरू कर दिया। घटना में ट्रेन के चार एसी बोगियों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। एक यात्री का सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि आधा दर्जन यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा



प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाई गईं बच्चों के लिए 28 जून तक बंद रहेंगे विद्यालय

**लखनऊ, 14 जून [एजेंसी]।**

लखनऊ में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा था कि पूरा प्रदेश भीषण गर्मी व लू से तप रहा है। ऐसे में विद्यालयों को 18 जून से खोलना हितकर नहीं होगा। वहीं



शिक्षकों की परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक की जाएं।

उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा है कि वर्तमान में प्रदेश भर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए।

# महतारी वंदन योजना की राशि से बीमार पति का इलाज करवा रही रंगीन बाई



कोरबा । प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा सराहनीय पहल करते हुए महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। इस योजना का लाभ मिलने से जिले की महिलाएं बहुत ही उत्साहित है और अपने सुरक्षित भविष्य के प्रति पूरी तरह से निश्चित नजर आ रही हैं।

महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कोरबा शहरी क्षेत्र के पंप हाउस निवासी श्रीमती रंगीन बाई ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने हेतु इस योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने उत्साहपूर्वक बताया कि यह बहुत खुशी की बात है कि महिलाओं के हित में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सराहनीय योजना संचालित की गई है। जिसका लाभ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं को मिल रहा है। योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहित विभिन्न कार्यों के लिए कर रही हैं। पिछले तीन माह से उसे भी योजना का लाभ मिल रहा है।

हितग्राही रंगीन बाई ने बताया कि वह नगर निगम द्वारा तुलसी नगर में संचालित एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता दीदी के रूप में कार्य करती हैं। पति श्री भुजबल लकवाग्रस्त हैं ऐसे में परिवार चलाने की जिम्मेदारी उसके ऊपर ही है। कम आय में घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति एवं पति के इलाज का खर्च उठाने में परेशानी होती है। जो कुछ कमाती है वह घरेलू खर्च और बीमार पति के इलाज में ही चला जाता है। लेकिन अब जब से महतारी वंदन योजना लागू हुई है उसे भी हर माह एक-एक हजार रुपए मिल रहा है। इससे उसे बड़ी राहत मिल रही है। महतारी वंदन की राशि का उपयोग वह अपने बीमार पति के लिए दवाइयां खरीदने में उपयोग कर रही है, घर की अन्य जरूरत को भी पूरा कर रहीं हैं। रंगीन बाई ने खुशी जताते हुए कहा कि उसे अब अपने पति के ईलाज व दवाइयों के लिए उसे फिक्र करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। उसने इस कल्याणकारी योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# ढेंगुरडीह पंचायत में लगा विधिक जागरूकता शिविर



कोरबा। माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार दिनांक 12 जून 2024 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम ढेंगुरडीह पंचायत केंरवा में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कु. डिम्पल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बालकों के मौलिक अधिकार के विषय में संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। माता-पिता की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराये, उन्हें अच्छे विद्यालय में पढ़ने के लिये प्रोत्साहित करें, वर्तमान में आज शिक्षा का स्तर बहुत ही उन्नत हो गया है। 14 वर्ष से कम उम्र के ज्यादातर बच्चों में सोचने समझने की क्षमता व्यस्क से कम होती है। बच्चों को अपने रोजगार एवं आय का साधन न बनाते हुये उसके अच्छे भविष्य को संवारने हेतु उन्हें शिक्षित करना अति आवश्यक है, शिक्षा से उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होती है। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 में अधिसूचित खतरनाक क्षेत्रों में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित है। उदाहरण के लिये बीड़ी बनाना, सीमेंट कारखानों में सीमेंट बनाना, फटाखे या बारूद बनाना, एवं सिंलाई जैसे खतरनाक क्षेत्रो में बाल श्रमिक नियोजित किये जाने पर दोषी नियोजक को सजा का प्रावधान है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के द्वारा यह पाया गया कि जेलों में बंदियों की संख्या अधिक बढ़ रही है, आपराधिक मामलों में अनुभवी एवं कुशल अधिवक्ताओं के द्वारा प्रतिरक्षण कार्यवाही हेतु नि:शुल्क कौसिल नियुक्त किया जाता है।

राजेश कुमार आदिले, सहायक श्रम आयुक्त कोरबा के द्वारा बाल श्रम के प्रावधानों को विधिवत पालन कराए जाने के संबंध में अवगत कराते हुये कहा कहा कि 14 साल के नीचे के बच्चों को घातक कारखाने/प्लांटों में कार्य ना कराने तथा उन पर भी निगरानी बरती जाने के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त अवसर आवेश कुरैशी पैरालीगल वॉलीण्टियर्स, अहमद खान एवं उपेन्द्र कुमार राठौर द्वारा पाम्पलेट का वितरण किया गया।

# नीति आयोग दिल्ली की टीम ने किया आकांक्षी विकासखण्डों का दौरा



कोरबा । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में नीति आयोग दिल्ली से श्री शिवम मिश्रा (यंग प्रोफेशनल) द्वारा आकांक्षी ब्लॉक पोड़ीउपरोड़ा एवं कोरबा जनपद में चल रहे आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य-कुपोषण, कृषि, पशुपालन से संबंधित सूचकों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों से समन्वय कर कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में श्री अरविंद लकड़ा रूर्बन विशेषज्ञ, ब्लॉक फेलो तथा पिरामल फाउन्डेशन के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक उपरांत टीम के द्वारा ग्राम पंचायत दोंदरो का दौरा किया गया, जहां महिला स्व-सहायता समूहों, बैंक सखी इत्यादि की उपस्थिति में समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों, बाजार की उपलब्धि, आय-व्यय एवं इससे संबंधित चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा की गई तथा समस्याओं के निराकरण के सुझाव दिए गए।

इसके पश्चात् विकासखण्ड कोरबा के गढ़उपरोड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां उपस्थित सी.एच.ओ. एवं आर.एच.ओ. के साथ संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं के नियमित जांच एवं टी.बी. इत्यादि की अद्यतन जानकारी से टीम को अवगत कराया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिला के घर जाकर उचित पोषण-बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

# राजेन्द्र बनें कोरबा प्रेस क्लब के नए अध्यक्ष,नागेन्द्र को सचिव की जिम्मेदारी



कोरबा। कोरबा प्रेस क्लब की वर्ष 2024-26 के लिए नई कार्यकारिणी गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को मतदान संपन्न हुआ। राजेन्द्र जायसवाल क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए, वहीं नागेन्द्र श्रीवास सचिव चुने गए।

निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया प्रेस क्लब तिलक भवन में संपन्न हुई। जिसमें आज सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित समय अवधि में मतदान संपन्न कराया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने सहयोगियों के साथ मिलकर सुचारू मतदान संपन्न कराया जिसमें कुल 172 सदस्यों में से 168 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया।मतदान उपरांत मतगणना की कार्रवाई प्रारंभ हुई। सबसे पहले कार्यकारिणी सदस्य का परिणाम घोषित हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के नौ उम्मीदवारों में से राजकुमार शाह 69 मत, शेख असलम 61 मत व नीलम पड़वार 51 मत से विजयी निर्वाचित हुए।

इसी प्रकार अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी राजेन्द्र जायसवाल 84 मत प्राप्त कर विजयी हुए। अन्य प्रत्याशी मनोज ठाकुर को 80, हरिराम चौरसिया को 3 मत प्राप्त हुए।

सचिव के लिए प्रत्याशी नागेंद्र श्रीवास को 120 मत से विजय हासिल हुई।धीरज कुमार दुबे को 48 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष के दावेदार रामेश्वर ठाकुर 67 मत प्राप्त कर विजयी हुए। अन्य प्रत्याशी अनूप जायसवाल को 17 पुरुषोत्तम दुबे को 50, ,शत्रुघ्न साहू को 2 व विजय दुबे को 29 मत प्राप्त हुए। संरक्षक के लिए मनोज शर्मा 87 मत प्राप्त कर विजयी हुए व नौशाद खान को 80 मत मिले। उप सचिव के लिए रघुनंदन सोनी 75 मत प्राप्त कर विजयी रहे। इस पद पर रमेश वर्मा 68 व तोपचन्द बैरागी 21 मत प्राप्त किए। कोषाध्यक्ष के लिए ई. जयंत को 88 व रंजन प्रसाद को 78 मत प्राप्त हुए। निर्वाचित घोषित हुए प्रत्याशियों को निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विजयी प्रत्याशियों को बधाई का सिलसिला चलता रहा।

## छात्रावास के कर्मियों ने नियमितीकरण की उठाई मांग

कोरबा । आदिवासी विकास विभाग के छात्रावास और आश्रमों में कार्यरत कलेक्टर दर, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, मजदूर व अंशकालीन कर्मचारियों ने नियमितिकरण करते हुए वेतनमान देने की मांग उठाई हैं। कर्मचारी कोरबा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के नहीं होने से वापस लौट गए।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ लंबे समय से नियमितीकरण की मांग कर रहा है। इस संबंध में वह शासन स्तर पर भी ज्ञापन सौंप चुका हैं। संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी सहायक आयुक्त और कलेक्टर से मिलने आए, लेकिन दोनों के बाहर होने की वजह से मुलाकात नहीं हो पाई। कर्मचारियों का आरोप लगाते हुए कहना है कि शासन स्तर पर सभी जिलों के अधिकारियों को रिक्त पद के हिसाब से कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूलों में भी लंबे समय से अंशकालीन कर्मचारी कार्यरत है। छात्रावास आश्रमों में भी काम करने वाले कर्मचारियों को अभी भी कलेक्टर दर पर भुगतान किया जा रहा है।

# इन्दु अग्रवाल माशिमं सदस्य नियुक्त

कोरबा। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर से आदेश जारी कर दिया गया है। मंडल में मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्राचार्यों, प्राध्यापकों और निजी संस्थाओं के सदस्यों के साथ ही पांच विधायकों को शामिल किया गया है। सदस्यों की नियुक्ति अवधि 3 वर्ष की है। नई सरकार के गठन के साथ ही पूर्व मंडल सदस्यों की नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो गई थी। बिना सदस्यों के माशिमं के निर्णय लेने में परेशानी हो रही है। मंडल सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया तो फरवरी से ही शुरू हो गई थी, किन्तु आचार संहिता की वजह से नियुक्ति आदेश जारी नहीं हो पाया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने 20 मंडल सदस्यों की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। सदस्यों में विधानसभा के प्रतिनिधित्व के रूप में पांच विधायक शामिल किए गए हैं, इनमें अहिवारा विधायक डोमन सिंह कोर्सेवाड़ा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो और कांकेर विधायक आशाराम नेताम शामिल हैं। इसके अलावा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से प्राचार्य वर्ग में प्रकाश यादव राजनांदगांव, प्रफुल्ल शर्मा जांजगीर-चांपा और इंदु अग्रवाल कोरबा को माध्यमिक शिक्षा मण्डल में सदस्य बनाया गया है।प्रशिक्षण महाविद्यालयों से श्रद्धा मिश्रा अंबिकापुर को शामिल किया गया है। मान्यता प्राप्त संस्थाओं से 6 प्राध्यापक माशिमं के सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। जिसमें मान्यता प्राप्त संस्थाओं से 6 प्राध्यापकों की भी नियुक्ति की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्राध्यापकों में संजय ठाकुर दंतेवाड़ा, ऋषि कश्यप बिलासपुर, जितेन्द्र कुमार सिंह कबीरधाम, ओंकार सिंह ठाकुर बलरामपुर, डॉ. हितेश कुमार दीवान रायपुर, दीक्षा गंगराड़े रायपुर शामिल हैं। इसी तरह तीन स्थानीय निकायों द्वारा संचालित संस्थाओं के प्रतिनिधि के रूप में अनिल दास गुप्ता कबीरधाम, चंद्रकांत तिवारी पामगढ़, कीर्ति व्यास रायपुर के अलावा एल. डी. दुबे और सुनील पंडया को माध्यमिक शिक्षा मण्डल का सदस्य बनाया गया है।

## सब स्टेशन के ठेका श्रमिकों की हड़ताल जारी

कोरबा । कोरबा अंचल में विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने पूर्व में ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए काम बंद करने की चेतावनी दी थी। साथ ही मई का वेतन और 7 माह का पीएफ अकाउंट की राशि जमा करने की मांग की थी।32 केवी सभी सब स्टेशन कोरबा, दर्री, छुरीखुर्द और चांपा में 7 दिनों से हड़ताल कर रहे हैं। मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसकी सूचना एसडीएम और श्रम कार्यालय को भी दी गई है। 132 केवी सब स्टेशन में जेबीएस इंटरप्राइजेस महाराष्ट्र पुणे की कंपनी काम कर रही है। लेकिन आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की सब स्टेशन का ठेका लेने के बाद भी समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। पीएफ भी क्लियर नहीं किया गया है। दूसरी ओर सीएसईबी कंपनी अपने फंड से 3 महीने का भुगतान करते आ रही है। अभी कंपनी के कोई भी अधिकारी बात करने को तैयार नहीं हैं। इसकी वजह से आंदोलन क्र रहे हैं।

# हाइ स्कूल ढिटोरी में प्राथमिक शाला के शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण ब्लैंडेड मोड़ में सम्पन्न



कोरबा। एफएलएन प्रशिक्षण हाई स्कूल ढिटोरी करतला जिला कोरबा (छ ग) में 4 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण प्रथम चरण दिनांक 10/06/24 से 13/06/24 तक चला । इस एफएलएन प्रशिक्षण के लिए ब्लॉक करतला में तीन जोन बनाया गया है जोन 1 करतला, जोन 2 बरपाली और जोन 3 ढिटोरी है। जोन 3 ढिटोरी में जोन प्रभारी प्राचार्य कृष्णमुरारी यादव और मेंटर एस आरजी श्रीमती श्रद्धा शर्मा के मार्गदर्शन में पहले दिन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रशिक्षण शुरू हुआ जिसमें डीआरजी भागवत जायसवाल सीएसी सुखरीकला , डीआरजी शान्ति लाल कश्यप सहायक शिक्षक प्रा शाला ठाकुर दिया पारा खरवानी,डीआरजी बसन्त कुमार मिरी सीएसी खरवानी और सहयोगी डीआरजी तेजराम चंद्रा सहायक शिक्षक प्रा शाला द्वारिपारा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भाषा और गणित के शिक्षक संगदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तक के साथ अलाइमेंट करते हुए चार ब्लॉक मॉडल पर के बारे में बताया गया। साथ ही एनईपी, एनसीएफ,एफ एस ई जादुई पिटारा, नवाजतन, स्कूल रेडिनेस और बालवाड़ी आदि प्रशिक्षण में शामिल रहा । जिसमे 11 संकुल जिसमे ढिटोरी खरवानी सोहागपुर सुखरीकला फरसवानी चिचोली कोथारी बिरतराई कराइनारा पठियापाली और उमरेली के सभी बीआरजी शिक्षक प्रशिक्षार्थियों ने 4 दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। 11 संकुल के समस्त सीएसी महोदयों के द्वारा संयुक्त रूप से कूलर और भोजन की व्यवस्था किया गया था। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट से डाइट प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती किरण लता शर्मा और एसआरजी श्रीमती ज्योति श्रीवास ने आकस्मिक निरीक्षण किया और प्रशिक्षार्थियों से सवाल जवाब किया व साथ ही इस प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड श्रोत समन्वयक अजय तिवारी जी का भी आगमन हुआ और तिवारी ने इस प्रशिक्षण की महत्ता पर उन्होंने प्रकाश डाला व आशीर्वचन कहा। तिवारी के कर कमलों से उत्कृष्ठ शिक्षकों को सम्मान पत्र प्रदाय किया गया।इस प्रशिक्षण में जितेंद्र बघेल सीएसी ढिटोरी, संजय चौहान सीएसी सोहागपुर, कृष्णकुमार कश्यप सीएसी उमरेली , बलिहार सिंह पैकरा सीएसी कोथारी , महमूद मेमन सीएसी बिरतराई , केदार सिंह कंवर सीएसीपठियापाली , नरेंद्र सुनहरे सीएसी फरसवानी , मनीश्वर नायक सीएसी चिचोली , बसंत मिरी सीएसी खरवानी , भागवत जायसवाल सीएसी सुखरीकला, खम्हन सिंह पैकरा व्याख्याता हाई स्कूल ढिटोरी कमल कंवर कन्हैया लाल पटेल रामेश्वर कंवर मनोज प्रधान व रमेश कंवर आदि शिक्षक साथियों का विशेष योगदान रहा।

## वार्डवासियो ने महापौर को बताई लो-वोल्टेज की समस्या

कोरबा । कोरबा जिले के मैगजीनभांठा, नहर किनारे बस्ती व झड़ी मोहल्ले का महापौर राजकिशोर प्रसाद ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बस्तीवासियों से चर्चा भी की। चर्चा दौरान लोगों ने उन्हें क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या से अवगत कराया। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उन्हें उचित निराकरण का भरोसा दिलाया। साथ ही अधिकारियों को बदहाल बिजली खंभों को बदलने कहा। मैगजीनभांठा में 25 लाख रुपए की लागत से कराए जाने वाले निर्माण कार्य को शुरू कराने निगम अधीकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि मानसून में बस्तियों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर जरूरी कदम उठाएं। नाले व नालियों की सफाई की मॉनिटरिंग करते रहें।


# कोरबा-चांपा राजमार्ग पर लगा जाम

कोरबा । कोरबा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई बारिश के बाद ग्राम बरपाली के निकट दो वाहन फंस गए। इसकी वजह से मार्ग पर जाम लग गया। शाम 4 बजे जाम की वजह से लोग परेशान रहे। बताया जा रहा हैं की भारी वाहनों की ग्राम कोठारी तक लगभग 5 किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गयी थी। जानकारी के अनुसार शाम 7: 30 बजे तक भी जाम नहीं हटा था। राष्ट्रीय राजमार्ग का काम अभी चल रहा है। ग्राम बरपाली, सरगबुंदिया और पताढ़ी के पास काम अभी अधूरा है। निजी ठेका कंपनी ने डामरीकरण भी नहीं किया है। बारिश की वजह से गड्ढे में पानी भरने के कारण वाहन फंसते चले गए। लोग मार्ग बदलकर आवाजाही करने मजबूर हुए। गड्ढे में फंसे वाहन को निकलने का प्रयास लगातार जारी रहा। स्थानीय निवासीयों का कहना हैं की सड़क नहीं बनी तो बारिश में इस बार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# बालकों के मौलिक अधिकार के संबंध में लोगों को दी गयी जानकारी

कोरबा । कोरबा शहर के सीएसईबी कॉलोनी दर्री क्षेत्र अंतर्गत श्रम कल्याण केन्द्र जूनियर क्लब में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल श्रम निषेध दिवस मनाने के लिए 1973 में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अभिसमय संख्या 138 बाल मजदूरी को 15 वर्ष से कम उम्र के किसी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी आर्थिक गतिविधियों का उल्लेख करता है। बालकों के मौलिक अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए आगे बताया गया कि संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में प्रावधान किया गया है। नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा के लिए बच्चों का अधिकार अधिनियम 2009, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। मंच का संचालन श्रम निरीक्षक सुरेश कुर्रे ने किया। इस दौरान श्रम निरीक्षण बी.पी. साहू, विजय लक्ष्मी सोनी, नारायण कैवर्त, अहमद खान ने विधिक सेवा योजना का पंपलेट वितरित किया।

# कोयला अफसरों को पीआरपी का भुगतान 26 तक



कोरबा। एसईसीएल समेत कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी इकाइयों में काम कर रहे कोयला अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 का परफॉर्मेंस रिलेटेड पे (पीआरपी )का भुगतान 26 जून तक करने का कोल इंडिया ने आदेश जारी किया है। कोल इंडिया के उप महाप्रबंधक,(अधिकारी स्थापना )सुरपुरेड्डी वी रवींद्रनाथ की ओर से मंगलवार को जारी किए गए आदेश में भुगतान को लेकर प्रक्रिया शुरू करने को सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन को कहा गया है। इस दौरान अधिकारियों का किट्टी फैक्टर जारी किया जाएगा। पीआरपी में कोल इंडिया का 65 और 35 प्रतिशत संबंधित कंपनी का अंशदान रहता है। ई-1 से लेकर जीएम, डायरेक्टर, सीएमडी एवं चेयरमैन तक को पीआरपी का लाभ मिलता है। अधिकारियों को मिलने वाला पीआरपी वित्तीय वर्ष के दौरान उनके व्यक्तिगत परफोर्मेंस के आधार पर मिलता है। एक अधिकारी को कम से कम दो लाख से लेकर 12 लाख रुपया तक मिल सकता है।

# किशोरी से दुष्कर्म की घटना के मामले में एडीजे कोर्ट ने आरोपी और एक महिला को दी 25 वर्ष की सजा

**सक्ती।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित और उसके दीदी जीजा को फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने 25 - 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार 7 जून 2023 को सुबह 11 एक नाबालिग लड़की घर में बिना किसी को बताए पैदल सक्ती रेलवे स्टेशन आ गई। उसके पिता काम से दूसरे गांव गया था। जब वह 12.30 बजे घर आया तो उसकी बेटी घर में नहीं थी। तो उसने अपनी पत्नी बच्चे और मां से पूछा कि उसकी बेटी कहां है तब घर वालों ने बताया कि वह घर में बिना बताए सुबह 11 बजे कहीं चली गई है और अब तक वापस नहीं आई है। शाम तक नाबालिग के आने का इंतजार किया गया। आसपास तलाशी भी की गई मगर उसका पता नहीं चला।

ऐसे में नाबालिग के पिता ने थाना जाकर उसकी बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध भादवि की धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान नाबालिक को बरामद किया गया । उसने बताया कि वह पिछले वर्ष कक्षा 9वी जांजगीर में पढ़ी है तथा कक्षा दसवीं को भी उसके पिता उसे जांजगीर में पढ़ाना चाहते हैं। किंतु वह गांव में पढ़ना चाहती है। इसी बात से गुस्सा होकर वह बिना घर में कुछ बताए पैदल सक्ती रेलवे स्टेशन चली गई। जब वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में थी तब असौंदा निवासी चंद्र कुमार लहरे व उसके दो साथी उसके पास आए। चंद्र कुमार लहरे के दो साथियों ने शाम को 5.30 बजे उससे पूछा कि सभी ट्रेन चली गई है वह कहां जाएगी, तब वह कहीं नहीं जाऊंगी कहकर दूसरे प्लेटफार्म में चली गई। उसके बाद चंद्र कुमार लहरे आया और उससे उसका नाम और पता पूछा और अपने साथ चलने को कहा तथा उसे धमकी देकर अपने साथ ट्रेन में बैठा कर खरसिया ले गया।




खरसिया रेलवे स्टेशन में ट्रेन से उतरे तो चंद्र कुमार लहरे अपने जीजा तुलसी को मोबाइल से फोन किया तब उसके जीजा बाइक लेकर आया और उन दोनों को अपनी बाइक में बिठाकर अपने गांव महका ले गये। चंद्र कुमार लहरे की बहन गिरजा बाई खांडे घर में थी। चंद्र कुमार ने यहां एक कमरे नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। उसे 17 जून से 3 जुलाई 2023 तक रखा हुआ था। चंद्र कुमार शराब पीकर आता था तथा उसके साथ मारपीट करता था। नाबालिक ने यह भी बताया कि चंद्र कुमार उसे ग्राम हाटी ले गया था जहां कमरा किराया में लेकर 28 जुलाई तक रखा हुआ था और वहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया। खरसिया के मंदिर में लेजाकर जबरदस्ती उसके साथ शादी की। किसी तरह एक दिन उसने चंद्र कुमार की मोबाइल से अपने स्वजन को सूचना दी। जिस पर पुलिस वहां पहुंची और युवक के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया । विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपित चंद्र कुमार लहरे एवं उसके जीजा तुलसी खांडे एवं बहन गिरजा बाई खांडे के खिलाफ अपराध दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रशांत कुमार शिवहरे ने चंद्रकुमार लहरे को भादवि की धारा 363 के लिए सात वर्ष, धारा 366 के लिए 10 वर्ष, धारा 376 (3) के लिए 25 वर्ष एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के लिए 25 वर्ष सश्रम कारावास एवं क्रमशः 1000, 2000, 50000 एवं 50000 की अर्थदंड की सजा तथा तुलसी खांडे पिता कमल साय खांडे को धारा 363, 34 के लिए 7 वर्ष धारा 366, 34 के लिए 10 वर्ष एवं धारा 6 सहपठित धारा 17 लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध के लिए 25 वर्ष का सश्रम कारावास एवं क्रमशः 1000 2000 एवं 50000 तथा गिरजा बाई खांडे पति तुलसी खांडेको धारा 6 सहपठित धारा 17 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अपराध के लिए 25 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50000 रूपये अर्थ दंड से दंडित किया है। सभी सजाएं साथ - साथ चलेंगे। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत नेकी।

## DBM ग्रुप ने आत्मानंद स्कूल सहित अन्य शासकीय परिसरों को बनाया अपने प्रचार-प्रसार का अड्डा

**जांजगीर चांपा।** शासकीय परिसरों में निजी संस्थानों का प्रचार-प्रसार भले ही प्रतिबंध है मगर, जिला मुख्यालय जांजगीर में शासन के इस आदेश की खुलकर धज्जियाँ उड़ रही है। ताजा मामला डीबीएम ग्रुप का है, जिसके संचालक ने जिला मुख्यालय जांजगीर में संचालित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहित जिले के विभिन्न स्थानों में स्थित शासकीय संस्थानों के परिसर को अपने निजी संस्थान के प्रचार-प्रसार का अड्डा बना दिया है। इसके बावजूद जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मुकदर्शक बने हुए हैं।

दरअसल, जिला मुख्यालय जांजगीर सहित आसपास के गांव में डीबीएम ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के संचालक द्वारा, हायर सेकेण्डरी स्कूल, आईटीआई और फार्मेसी कोर्स संचालित किए जाने का दावा किया जाता है, जहां पर विषय विशेषज्ञ, प्रशिक्षित स्टाफ सहित सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं एवं संसाधन मौजूद होने की दुहाई दी जाती है मगर, हकीकत कुछ और ही है, जिसका खुलासा तब होता है, जब विद्यार्थी इस संस्थान के संचालक की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसकर विभिन्न कोर्स में प्रवेश लेने के बाद संस्थान पहुंचते हैं और वहां का नजारा देखकर खुद को ठगा सा महसूस करने लगते हैं। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डीबीएम ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के संचालक ने भोले-भाले विद्यार्थियों को ठगने का पूरा इंतजाम कर रखा है और अपने मंसूबे पर कामयाब होने के लिए जाल भी फेंक दिया है। बता दें कि आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुवात होने वाली है, जिसके मद्देनजर डीबीएम ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के संचालक ने जिला मुख्यालय जांजगीर में संचालित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहित जिले के विभिन्न स्थानों में स्थित शासकीय संस्थानों के परिसर को अपने निजी संस्थान के प्रचार-प्रसार का अड्डा बना दिया है और अपने कथित संस्थानों की फ्लेक्सी लगवाकर एक बार फिर से भोले-भाले विद्यार्थियों की ठगने की पूरी तैयारी है। दिलचस्प बात यह है कि इस संस्थान के सारे फ्लेक्स शिक्षा विभाग के प्रमुख संस्थानों के मुख्य द्वार पर लगे हुए हैं, जिस पर जिला प्रशासन के जिम्मेदार सभी अधिकारियों की नजर पड़ भी रही है, इसके बावजूद वे अधिकारी मुकदर्शक बनकर कथित डीबीएम ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के संचालक को मनमानी और फ़र्ज़ीवाड़ा करने की खुली छूट दे रहे हैं।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फा.क्र./689,690,692,693,694, 695,696 एवं 712/निर्माण (दर्री जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 07.06.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 25.06.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 25.06.2024 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.43 अंतर्गत जय भगवान गली में नाली मरम्मत कार्य, श्याम नगर में सामुदायिक भवन के पास सिंटेक्स की व्यवस्था एवं श्याम नगर में दुर्गा पंडाल के पास सिंटेक्स की व्यवस्था कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय आमंत्रण) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 2. | वार्ड क्र. 44 के केतू आवास परिसर बी.एम.एम. ऑफिस के सामने बाउण्ड्रीवाल एवं शेड का निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 3. | वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी पूर्व माध्यमिक शाला छत और फर्श मरम्मत व बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 4. | वार्ड क्र. 47 जमनीपाली के.पी.एस. स्कूल के पास से रमला देवी से होते हुए ग्राम सभा भवन के सामने तक नाली निर्माण पुर्नवास एवं गोपालपुर में कोसगाई दाई प्रांगण चबूतरा में छत निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 8,00,000/- | 6,000/- |
| 5. | वार्ड क्र. 48 खड़िया पारा में सड़क निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 6. | वार्ड क्र. 49 शक्ति नगर पुष्पपल्लव लाटा में सांस्कृतिक भवन के पास सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 7. | वार्ड क्र. 50 प्रेम नगर स्थित आंगनबाड़ी परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण एवं राजिम पत्थर लगवाने का कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 5,00,000/- | 5,000/- |
| 8. | वार्ड क्र. 45 ढांढपारा गरम नहर में पचरी का निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (द्वितीय निविदा) | 6,00,000/- | 4,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें// नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
फा.क्र./145 /वाहन/2024 कोरबा, दिनांक 11.06.2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्न कार्य हेतु प्रदाय कर्ताओं/अधिकृत विक्रेताओं से फार्म 'बी' में निविदायें आमंत्रित की जाती है।
1. निर्धारित प्रारूप निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि- 04.07.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि तक - 04.07.2024 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | निगम के विभिन्न जे.सी.बी. मशीनों हेतु टायर, ट्यूब एवं फ्लेप की खरीदी। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,71,038/- | 04.07.2024 |

**शर्ते :-**
1.उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें// कोरबा (छत्तीसगढ़)


## जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह प्रतिबंध छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उक्त अवधि में क्लोज सीजन (बंद ऋतु) के रूप में घोषित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

**जांजगीर-चांपा।** तहसील पामगढ़ के नगर पंचायत खरौद, ग्राम बिलारी एवं ग्राम रसौटा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन करने हेतु संबंधित ग्राम के इच्छुक एजेंसी ग्राम पंचायत, वन समिति, महिला स्व0 सहायता समूह, अन्य पात्र संस्थाओं से आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित 26 जून 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ आवेदन में आमंत्रित किया गया है।

## महावीर कोल वासरी से डीजल चोरी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी राजकुमार मिश्रा प्रबंधक महावीर कोल वासरी भिलाई थाना बलौदा, दिनांक 11.06.2024 को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.06.2024 को सुबह करीबन 03:00 बजे लोडर आपरेटर बद्रिकेशवर साहू द्वारा अपने अन्य साथी से मिलकर डीजल की चोरी कर रहा है उसी समय महावीर कोलवासरी के सुरक्षाकर्मी द्वारा डीजल से भरा हुआ डिब्बा के साथ रंगे हाथ पकडा गया है की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अप0क्र0 223/24 धारा 379,34 भादवि कायम कर विवेचना में



लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी बद्रिकेश्वर साहू निवासी खुरसुला थाना बिलाईगढ जिला बिलाईगढ सारंगढ को गिरफ्तार कर पूर्व में भेजा जा चुका है न्यायिक रिमांड पर। आरोपी अमन खूंटे पिता स्व0 जयप्रकाश उम्र 22 वर्ष सा0 भिलाई थाना बलौदा जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पातासजी की जा रही थी जिसे दिनांक 13.06.2024 को मुखबिर सूचना से पकड़ा जिसके द्वारा महावीर कोलवासी के लोडर वाहन से डीजल को जरिकेन में भरकर चोरी करना स्वीकार किये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 13.06.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे प्र0आर0 सुदर्षन वारे एवं आर. श्याम भूषण राठौर, हेमंत साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## छात्रावास, आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निजी प्रैक्टिशनर महिला चिकित्सक पद के लिए आवेदन 20 जून तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास/आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास/आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर (एम.बी.बी.एस/बी.ए.एम.एस.) उपाधि वाले 01 महिला चिकित्सक की माह जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 20 जून 2024 को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, रजिस्टर्ड अथवा सीधे जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2024 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सचिव कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल संभाग जांजगीर के द्वारा बांध में जल उपलब्धता की जानकारी दी गयी, जिसके अनुसार हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा एवं रायगढ़ जिले हेतु अगामी खरीफ वर्ष 2024 हेतु सिंचाई क्षमता 02 लाख 47 हजार 400 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 10 जून की स्थिति में हसदेव बांगो बांध में कुल जल भराव क्षमता का 43.08 प्रतिशत है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त हसदेव बांगो परियोजना के अन्तर्गत हसदेव बायीं तट नहर प्रणाली एवं हसदेव दांयी तट नहर प्रणाली में खरीफ सिंचाई वर्ष 2024 हेतु 05 जुलाई से पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल भराव, खरीफ वर्ष 2024 के सिंचाई कार्यक्रम, फसल का लक्ष्य निर्धारण तथा खाद, बीज व कीटनाशक की उपलब्धता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, विधायक रामपुर फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायककेशव चन्द्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, दुष्यंत सिंह, राजशेखर सिंह, संदीप तिवारी, शिव कुमार तिवारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, नहरों की मरम्मत करने, जल संसाधन विभाग के जलाशय एवं अन्य रकबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने खाद बीज के भंडारण तथा वितरण की चर्चा करते हुए खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग को आपसी समन्वय के साथ अतिक्रमण में लाल झंडा लगाकर चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद बीज उठाव के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद-बीज का भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि उन्नत किस्म और कम अवधि वाले धान बीज का उपयोग करना किसानों के लिए अधिक फायदेमंद है। किसानों को इसका उपयोग करके, जमीन की उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र लेने प्रोत्साहित करने कहा।

## स्ट्रीट लाइट जलने से केरा रोड हुआ रोशन

**शिवरीनारायण ।** नगर के केरा रोड में लगे स्ट्रीट लाइट अब जलने शुरू हो गए हैं। जिससे देर शाम से लेकर रात भर केरा रोड में रोशन नजर आता है। शबरी पुल मोड़ से शबरी धाम कालोनी के सामने तक कुछ ही महीनों पहले नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर डिवाइडर निर्माण कर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था जो पिछले दस दिनों से बंद था जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। नगर पंचायत के द्वारा स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराकर चालू कराया गया जिससे रात में अब दुर्घटना की आशंका खत्म हुई है।

शबरी पुल मोड़ से शबरी धाम कालोनी के सामने तक कुछ ही महीनों पहले नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर डिवाइडर निर्माण कर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया है। बाईपास रोड के सामने से लेकर शबरी धाम कालोनी तक डिवाइडर में लगे 21 स्ट्रीट लाइट विगत 10 दिनों से नहीं जल रहें थे। जिससे शाम होते ही सड़क पर अंधेरा छा जाता था। शिवरीनारायण केरा मेन रोड व्यस्ततम मार्ग है। जिसमें रोजाना 24 घंटे बडी संख्या में छोटी बड़ी गाड़ियां चलती हैं। सड़क पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने के कारण लगातार हादसे की आशंका बनी हुई थी। डिवाइडर के निर्माण से लेकर अब तक सिर्फ कुछ ही महीनों में तीन बड़े ट्रक, कैप्सूल वाहन व कार टकरा चुके हैं। लेकिन स्ट्रीट लाइट को सुधरवाने नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहें थे। इंजी. हर्षा तिवारी ने मौके पर जाकर केरा रोड में लगे स्ट्रीट लाइटों को सुधरवाया।

## पीईटी में 561 और पीपीएचटी में 1064 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**जांजगीर- चांपा।** व्यापमं द्वारा 13 जून को पीईटी (प्री इंजीनियरिंग टेस्ट) और पीपीएचटी (प्री फार्मेसी टेस्ट) की परीक्षा दो पालियों में ली गई। पीईटी में 1015 में से 454 परीक्षार्थी उपस्थित थे जबकि 561 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इसी तरह पीपीएचटी में 1932 परीक्षार्थियों में से 868 लोगों ने परीक्षा दी जबकि 1064 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। पहली पाली में सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे पीईटी की तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक पीपीएचटी की परीक्षा हुई।

पीईटी के लिए जिला मुख्यालय में 3 परीक्षा केंद्र टीसीएल कालेज, गर्ल्स कालेज और शासकीय कन्या उमावि जांजगीर को बनाया गया था। इन परीक्षा केंद्रों में 1015 में से 454 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी जबकि 561 अनुपस्थित रहे। पीपीएचटी के लिए 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें शासकीय टीसीएल कालेज, शासकीय गर्ल्स कालेज, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डाइट और आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जांजगीर शामिल थे। पीपीएचटी की परीक्षा में 1932 में से 868 लोगों ने परीक्षा थी जबकि 1064 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षार्थियों से व्यापमं द्वारा शुल्क नहीं लिए जाने से जो परीक्षार्थी परीक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं वे भी परीक्षा फार्म भर देते हैं और परीक्षा में शामिल नहीं होते।

इससे व्यापमं को आर्थिक हानि होती है निर्धारित संख्या में प्रश्न पत्र, ओएमआर सीट केंद्रों में भेजा जाता है जो बेकार हो जाता है। इसी तरह परीक्षा कें द्र भी अधिक बनाना पड़ता है और एक परीक्षा के हिसाब से वीक्षकों को 6 सौ रूपए के हिसाब से भुगतान करना पड़ता है। व्यापमं को इस पर नई नीति बनाने की आवश्यकता है। लगातार दो परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के



लिए अगली परीक्षा में शुल्क अनिवार्य कर दिया जाए।

केंद्रवार उपस्थित और अनुपस्थित परीक्षार्थी

पीईटी परीक्षा
केंद्र का नाम उपस्थित अनुपस्थित
टीसीएल कालेज - 151 - 239
शा. गर्ल्स कालेज - 188 - 212
शा.कन्या उमावि - 115 - 100
योग - 454 - 561

पीपीएचटी परीक्षा
केंद्र का नाम उपस्थित अनुपस्थित
टीसीएल कालेज - 124 - 276
शा. गर्ल्स कालेज - 169 - 231
शा.कन्या उमावि - 206 - 194
डाइट - 196 - 204
आत्मानंद स्कूल - 173 - 159
योग - 868 - 1064

## पुलिस एवम सायबर टीम की सयुक्त कार्यवाही में 7 जुआड़ी गिरफ्तार

**जांजगीर- चाम्पा ।** विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर- चाम्पा के निर्देशन जिले में हमर पुलिस हमर संग के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले में जुआ/सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जुआ खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवम थाना नवागढ़ पुलिस को दिनांक 12.06.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार खिसोरा के खेत में रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है की सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ एवं सायबर टीम जांजगीर से संयुक्त टीम तैयार किया गया जो गवाहों के जाकर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपियों को रूपयें पैसे का दांव लगाकर काट पट्टी नाम का जुआ खेलने पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ती, जुमला रकम 12070 रुपए की बरामद कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक संगम राम, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना थाना प्रभारी नवागढ़, सायबर सेल प्रभारी उपनिरी. पारस पटेल, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आर. गिरीश, रोहित कहरा, आनंद सिंह, सिदार सिंह पैकरा, चिरंजीव सायबर सेल जांजगीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अनमोल वचन......

**दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!**

# परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे

*अग्निपथ योजना रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने शुरू किया था। ओआरओपी योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इस समस्या का हल क्या है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं। सूत्रों के हवाले से ये खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं। अब इस खबर के जरिए बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है। सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-10 प्रतिशत कर दी जाए। अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर ।-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है। साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है। प्रश्न है कि क्या ये सुझाव सरकार मानेगी। अग्निपथ योजना के बारे में आम समझ है कि रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने इसे शुरू किया था। वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। पिछले साल यह खर्च सैनिकों को दिए जाने वाले वेतन से भी ज्यादा हो गया। इस तरह रक्षा बजट का और भी ज्यादा हिस्सा अब वेतन, भत्तों, पेंशन और नियमित संचालन मद पर खर्च होने लगा है। नतीजतन, पूंजीगत निवेश के लिए बहुत कम रकम बचती है। भारत सरकार की राजकोषीय स्थिति ऐसी नहीं है कि वह समग्र रक्षा बजट में बहुत बड़ी बढ़ोतरी कर सके। तो अग्निपथ स्कीम लाया गया। इस योजना की वाजिब आलोचनाएं मौजूद हैं। मगर समाधान क्या है। अब ओआरओपी तो वापस नहीं लिया जा सकता। ऐसे में अग्निपथ योजना में कुछ दिखावटी बदलाव कर आलोचनाओं की धार कम करने की कोशिश करना ही एकमात्र विकल्प बचता है। लेकिन ऐसे परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे। उनसे खड़ी हुई बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर जाएंगे। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**वृष राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी।

**मिथुन राशि**-ाज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनाएंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। स

**कर्क राशि**-आज आपका दिन हर्ष से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा की जिंदगी में नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। आज आप अपने बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.

**सिंह राशि**-आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपका कॉन्फिडेंस काम को पूरा करने में मदद करेगा।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज से ज्यादा लाभ होने की संभावना है। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**तुला राशि**-आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीट एण्ड फाईन रहेगा। बिजनेस के किसी काम से आज आपको बाहर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे।

**धनु राशि**-आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**मकर राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

**कुंभ राशि**-आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए। परिवार के कुछ मामलों को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

**मीन राशि**-आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस के कार्य समय से पूरे होते रहेंगे। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार विमर्श करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

# विष्णु देव साय सरकार के छह माह



## - किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए

## - सुशासन के ट्रैक पर विकास ने फिर पकड़ी रफ्तार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है। बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित-छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिसरण विभाग का गठन किया है। यह विभाग कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निर्णयों पर क्रियान्वयन किया है। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन पर तैयारी शुरू कर दी गई है। राजस्व प्रशासन को भी मजबूत किया जा रहा है। भूमि संबंधी विवादों और दिक्कतों को दूर करने के लिए भू-नक्शों की जियो रिफरेसिंग पर भी रणनीति तैयार कर ली गई है। 18 लाख आवास स्वीकृत- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति दे दी। इसके लिए 12 हजार 168 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

### 13 लाख किसानों को धान का बोनस

मोदी जी ने प्रदेश के किसानों को गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर राज्य के किसानों को 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा किया है।

### 3100 रूपए में धान की खरीदी

साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान किसानों को किया और फिर 12 जनवरी को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की है। इस साल खरीफ सीजन में राज्य में 145 लाख मीटिरक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है।

### 70 लाख महिलाओं का वंदन

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में 10 मार्च 2024 को हुआ। इस योजना के अंतर्गत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। अब तक इस योजना की चार माह की राशि जारी की जा चुकी है। पिछली सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब फिर से उन्हें यह काम सौंप दिया है।

### रामलला दर्शन योजना-

छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में विराजमान रामलला के दर्शन हेतु निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासकीय व्यय में अब तक हजारों दर्शनार्थी रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या भेजे जा चुके हैं।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण दर अब 5500 रूपए-

राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को योजना का लाभ मिल रहा है। संग्राहकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना भी शुरू की जाएगी, साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

### भर्ती में युवाओं को पांच वर्ष की छूट-

युवाओं की बेहतरी के लिए राज्य सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट का निर्णय लिया है। अभ्यर्थियों को 31 दिसंबर 2028 तक आयु सीमा में 05 वर्ष छूट का लाभ मिलेगा।

### यूपीएससी की तर्ज पर होगी पीएससी-

यूपीएससी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन कर दिया गया है। पीएससी की घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।

### पांच शक्तिपीठों का होगा विकास-

राज्य की 5 शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। शक्तिपीठों के विकास के लिए चारधाम की तर्ज पर 1000 किलोमीटर की परियोजना शुरू की जाएगी। ग्रामीण घरों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### युवाओं के लिए उद्यम क्रांति योजना-

राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना शुरू करते हुए बजट प्रावधान भी कर दिया है। इस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

### अधोसंरचना और कनेक्टीविटी पर जोर-

राज्य में सड़क, रेल और हवाई यातायात की सुविधाओं के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। बिलासपुर और जगदलपुर से नयी उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। जशपुर और बलरामपुर हवाई पट्टी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। अंबिकापुर और जगदलपुर हवाई अड्डों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### गरीबों के लिए मुफ्त राशन-

छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट में 34 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए भी बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है।

### राजिम कुम्भ कल्प की पुनः शुरूआत-

राज्य की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए राजिम मेले का आयोजन पुनः उसके व्यापक स्वरूप में राजिम कुंभ कल्प के रूप में शुरू कर दिया गया है। बस्तर में प्राचीन काल से चले आ रहे अनेक ऐतिहासिक मेलों को भी शासकीय संरक्षण और सहायता दी जा रही है।

### रायपुर में आईटी हब बनाने का काम शुरू-

रायपुर को आईटी हब बनाने का काम शुरू हो गया है। हाल ही में 2 आईटी कंपनियों के साथ एमओयू हुआ है, उन्हें फर्नीस्ड बिल्डअप एरिया भी उपलब्ध करा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नवा रायपुर को बेंगलुरू की तर्ज पर आईटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना-

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राज्य के दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास का काम शुरू कर दिया गया है।

### आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थान-

राज्य में उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया है। आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना की जाएगी।

### राज्य-राजधानी क्षेत्र का विकास (एससीआर)-

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विकास योजना की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के विकास के लिए विस्तृत योजना बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### इंडस्ट्रियल कॉरिडोर-

राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करने के लिए बजट में पांच करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। खनिजों के परिवहन में पारदर्शिता के लिए खनिज परिवहन हेतु ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास जारी करने की व्यवस्था पुनः प्रारंभ की गई है। इससे राज्य को मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होगी।

### आर्थिक सलाहकार परिषद -

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रैक्टिस को राज्य की परिस्थिति के अनुरूप लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन करने का निर्णय लिया गया है।

# वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका

वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। 'शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं।क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लांड अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है।'भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। 'थप्पड़' कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतः स्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं। इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल 'कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहां तक उचित है। जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आए हैं। कभी सिक्यूरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज़ के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएं दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाई कर सकते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



सिकंदराबाद से भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का कार्यभार संभाला।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत रत्न और वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी, उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा पुरी और सांसद संबित पात्रा पुरी में श्रीमंदिर के चार प्रवेश द्वारों के उद्घाटन के दौरान जगन्नाथ मंदिर गए।



राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के बीच मंत्री आतिशी ने एडीएम/एसडीएम और तहसीलदारों की टीम के साथ अक्षरधाम के पास जल वितरण नेटवर्क का निरीक्षण किया।



अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक ने ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त मंत्रिपरिषद के साथ-साथ पेमा खांडू को शपथ दिलाई।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने परिवार के साथ तिरुपति जिले के तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की।



एनएसयूआई के सदस्यों ने डॉक्टरों के साथ मिलकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के शवों लेकर भारत के लिए विमान ने भरी उड़ान, MOS कीर्तिवर्धन सिंह भी सवार



**नईदिल्ली, 14 जून [एजेंसी]।**

कुवैत के अधिकारियों ने एक इमारत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीय नागरिकों के शवों की पहचान कर ली है। वहीं, 45 भारतीयों के शवों को लेकर वायुसेना का एक विशेष विमान कोच्चि के लिए उड़ान भर चुका है। एमओएस कीर्तिवर्धन सिंह भी उसी विमान में सवार हैं। कीर्तिवर्धन सिंह ने तेजी से शवों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय किया। दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। इस इमारत में 196 प्रवासी कामगार रह रहे थे।

खबर के अनुसार कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान कर ली है। इनमें 45 भारतीय और तीन फिलीपींस के नागरिक हैं।एक एनआरआई व्यवसायी और संयुक्त अरब अमीरात स्थित लुलु ग्रुप के अध्यक्ष ने दुखद कुवैत अग्नि दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिवारों के लिए पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

भारत सरकार और केरल सरकार ने भी राहत कोष की घोषणा की है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने आग की घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उन्हें भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद से भी मुलाकात की, जिन्होंने अमीर की ओर से संवेदना व्यक्त की तथा सभी आवश्यक सहायता एवं समर्थन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## हिमाचल प्रदेश में महसूस हुए भूकंप के झटके रिक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई तीव्रता

**कुल्लू 14 जून।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप 3.0 तीव्रता भूकंप आया। वहीं अभी तक किसी भी जानमाल की सूचना नहीं




आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप के झटके शुक्रवार की रात 03.39 को महसूस किए गए। भूकंप विज्ञानी इस तीव्रता के भूकंप को मामूली भूकंप मानते हैं जिससे महत्वपूर्ण संरचनात्मक क्षति होने की संभावना नहीं होती।

# देश की सेनाएं हर चुनौती के लिए तैयार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया क्या होगा अगले पांच साल का रोड मैप



**नईदिल्ली, 14 जून [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार दूसरी बार कार्यभार संभालने के बाद कहा कि नई सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण और घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने अगले पांच साल के अपने नजरिये पर रोशनी डालते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2028-29 तक अपना रक्षा निर्यात बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रुपये करने की दिशा में काम कर रही है। यह रक्षा निर्यात फिलहाल 21,083 करोड़ रुपये है, जो कि ऐतिहासिक है।लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि सशस्त्र सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया जा रहा है। वह हरेक चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। चीन के पूर्वी लद्दाख में दखलअंदाजी करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सैन्य अफसर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का बड़ी बहादुरी और प्रतिबद्धता से मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत के रक्षा पैमाने पर हिंद महासागर क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सिंह ने फैसला किया है कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में विशाखापत्तनम स्थित ईस्टर्न नेवल कमांड जाएंगे और वहां अधिकारियों और नाविकों से मिलेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य देश के सुरक्षा उपकरणों को और सशक्त बनाना होगा।

साथ ही रक्षा निर्माण के क्षेत्र में भी ध्यान केंद्रित करना होगा। राजनाथ सिंह ने सौ दिन की कार्ययोजना पर भी मंत्रालय की बैठक की। उनका स्वागत रायसीना हिल्स के साउथ ब्लाक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख मनोज पांडेय, वायुसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अर्माने और डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी.कामत ने किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने अजीत डोभाल से भी मुलाकात की और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की है। इस बीच, गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय भी मौजूद थे।

# जी-7 बैठक में हिस्सा लेने इटली पहुंचे पीएम मोदी, ऋषि सुनक-मलोनी समेत मैक्रों के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

**नईदिल्ली, 14 जून [एजेंसी]।**

इटली के शहर अपुलिया में जी- 7 देशों की अगुवाई में होने वाली बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी गुरुवार को देर रात वहां पहुंच गए। प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करने के बाद यह पीएम मोदी की पहली विदेश यात्रा है। वैसे तो वह इटली में सिर्फ 24 घंटे ही ठहरने वाले हैं, लेकिन इस दौरान वह जी-7 सम्मेलन में विशेष तौर पर आमंत्रित 11 देशों व वैश्विक संस्थानों के मुखियाओं के साथ कुछ सत्रों में हिस्सा लेंगे और इसके साथ ही कम से कम छह वैश्विक मेहमानों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। देर रात तक जो सूचना मिली है उसके अनुसार, मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज, जापान के पीएम किशिदा से मुलाकात होनी तय है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से भी मुलाकात संभव है और इसकी पुष्टि अमेरिकी प्रशासन की तरफ से की गई है।नई दिल्ली से दोपहर में रवाना होने से पहले पीएम की तरफ से एक बयान जारी किया गया। इसमें पीएम मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर मैं 14 जून 2024 को जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलीया क्षेत्र की यात्रा पर जा रहा हूं।

मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है। मैं 2021 में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी इटली यात्रा को गर्मजोशी से याद करता हूं। पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक रहीं। हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत एवं भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।पीएम मोदी ने आगे कहा है कि आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), ऊर्जा, अफ्रीका एवं भूमध्यसागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# मोदी सरकार की तरह PMO में भी निरंतरता, NSA डोभाल के साथ ये ताकरवर पूर्व अफसर बनाने जा रहे हैं खास रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, 14 जून [एजेंसी]।**

यह केंद्र सरकार के स्तर पर नीतिगत और प्रशासनिक निरंतरता का एक और प्रमाण है। मंत्रियों के चयन और उनके बीच विभागों के बंटवारे में इस निरंतरता के प्रदर्शन के बाद चार अत्यंत महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भी इस पर नए सिरे से मुहर लगाई गई है।कैबिनेट मंत्री का दर्जा रखने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर अजित डोभाल, प्रधानमंत्री के कैबिनेट सचिव के रूप में पीके मिश्र और पीएम के सलाहकार के रूप में सेवानिवृत आईएएस अफसरों अमित खरे तथा तरुण कपूर की फिर से नियुक्ति उन पर प्रधानमंत्री के भरोसे को दर्शाती है। गुरुवार को इन अफसरों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किए गए। डोभाल और पीके मिश्र की नियुक्ति इस सरकार के कार्यकाल के अंत तक की गई है, जबकि अमित खरे और तरुण कपूर को दो



साल का नया कार्यकाल मिला है। पीएम के सलाहकारों का दर्जा केंद्र सरकार के सचिव के बराबर होता है। डोभाल और पीके मिश्र की फिर से नियुक्ति का यह भी मतलब है कि ये दोनों सेवानिवृत अफसर पीएमओ में सबसे लंबी अवधि तक सेवा देने वाले अधिकारी बन जाएंगे।एनएसए के रूप में डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना से संबंधित मामलों और खुफिया तंत्र से जुड़े विषयों की कमान संभालेंगे, जबकि पीके मिश्र पीएमओ में नियुक्ति के साथ ही प्रशासनिक मामलों की कमान संभालेंगे। 1968 बैच के आईपीएस अफसर डोभाल उन बिरले विशेषज्ञों में शामिल हैं, जिनके पास सामरिक चिंतन और अभियानों के संचालन की योजना बनाने की एक साथ क्षमता मौजूद है। वह आतंकवाद रोधी रणनीतियों के लिए तो विख्यात हैं ही, नाभिकीय मसलों के भी विशेषज्ञ माने जाते हैं। पीके मिश्र 1972 बैच के रिटायर्ड अफसर हैं। कृषि मंत्रालय में सचिव के पद से सेवानिवृत होने वाले मिश्र पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े हैं।

इन दोनों पर ही पीएम मोदी को अटूट भरोसा रहा है। सरकार के ढांचे में अत्यंत शक्तिशाली और अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ होने के बावजूद दोनों रिटायर्ड अफसर खामोशी से अपना काम करने के लिए जाने जाते हैं। डोभाल पड़ोसी देशों के साथ मजबूत वार्ताकार के रूप में भी उभरे हैं। 2017 में डोकलाम में चीनी आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देने में भी डोभाल की प्रमुख भूमिका थी।

## शिवखोड़ी के श्रद्धालुओं पर हमले के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई 50 संदिग्ध हिरासत लिए गए

**जम्मू।** शिवखोड़ी-कटड़ा मार्ग स्थित चंडी मोड़ में बीते रविवार को श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच के क्रम में पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों से पूछताछ में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इससे उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिल रही है जो संभावित रूप से हमले की योजना बनाने में शामिल हो सकते हैं।सुराग के आधार पर जांच का दायरा बढ़ाया गया है। अब रियासी जिले के अरनास और माहौर के दूरदराज इलाकों में भी तलाशी अभियान को विस्तार दिया गया है। ताकि इन क्षेत्रों में छिपे आतंकियों को पकड़ा जा सके। कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों, पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है।

**नाटो को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा रूस!**

# अब रूसी जासूसों को जवाब देने के लिए नाटो ने बनाया ये मास्टर प्लान

**ब्रसेल्स, 14 जून [एजेंसी]।**

रूस के जासूसी नेटवर्क ने नाटो देशों की चिंता बढ़ा दी है। नाटो के सदस्य देश अब इससे निपटने को एकजुट कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। नाटो प्रमुख जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने गुरुवार को कहा कि रूस की शत्रुतापूर्ण गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं, इसमें तोड़फोड़ और साइबर हमले शामिल हैं। ब्रसेल्स में गुरुवार से शुरू नाटो देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में रूस को जवाब देने की तैयारी पर विचार किया जा रहा है। इसमें यूक्रेन को दीर्घकालिक सैन्य प्रशिक्षण और मदद पर चर्चा होगी।नाटो प्रमुख ने कहा कि बीते हफ्तों में पोलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन और चेक रिपब्लिक ने इस तरह की कई घटनाओं का सामना किया है। मई के अंत में पोलैंड की सुरक्षा सेवा ने एक संदिग्ध व्यक्ति को यूक्रेन की सीमा में जाते सैन्य वाहनों का चित्र लेते गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही तीन व्यक्तियों को रूस की खुफिया एजेंसियों के आदेश पर आगजनी करने का आरोपी पाया गया।पोलैंड का कहना है कि रूसी खुफिया एजेंसियों का उद्देश्य यूक्रेन को सैन्य आपूर्ति को लेकर सूचनाएं एकत्र करना है। ठीक इसी समय जर्मन सेना ने भी नाटो पाइप लाइन के पास विस्फोटकों का पता लगाया है। ब्रसेल्स में आयोजित होने वाली नाटो के रक्षा मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक से पहले नाटो प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा कि गठबंधन ने रूसी तोड़फोड़, आगजनी, साइबर हमले व अफवाहों के ढेर सारे उदाहरण देखे हैं।

उन्होंने कहा कि नाटो देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी कि रूस की इस शत्रुतापूर्ण अभियान का किस तरह जवाब दिया जाए। इसके अलावा नाटो पहले ही अघोषित रूसी खुफिया अधिकारियों को निष्कासित कर चुका है, जो मास्को मिशन में काम कर रहे थे। विश्लेषकों ने भी नाटो के क्षेत्र में हाल के वर्षों में में रूसी गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है।

# यूपी के युवक के साथ बस में बैठी थी अमेरिकी युवती, चालक को हुआ शक तो पहुंचा थाने, फिर



**फिरोजाबाद, 14 जून [एजेंसी]।**

पबजी खेलते हुई दोस्ती के बाद अमेरिका में रहने वाली युवती अपने दोस्त से मिलने इटावा पहुंच गई। नौ दिन रहने के बाद दोस्त गुरुवार रात उसे रोडवेज बस से दिल्ली छोड़ने जा रहा था। इस बीच इटावा के क्षेत्रीय प्रबंधक से विदेशी युवती को युवक द्वारा जबरन ले जाने की शिकायत की तो चालक बस लेकर सीधे थाने पहुंचा। युवती तीन माह पहले भारत आई थी और चार जून तक चंडीगढ़ में अपने एक और दोस्त के पास रही। अमेरिका के फ्लोरिडा में रहने वाली 30 वर्षीय ब्रुकलिन कार्नले की पबजी गेम खेलते-खेलते कुछ माह पहले इटावा के गांव एमरौड़ी निवासी हिमांशु यादव से दोस्ती हो गई। ब्रुकलिन तीन माह पूर्व चंडीगढ़ पहुंची और अपने दोस्त यूवी वांगो के साथ उसके फ्लैट में रही। इसके बाद दिल्ली पहुंची और हिमांशु से मिली जो वहां एक फैक्ट्री में काम करता है। पांच मई को उसके साथ इटावा आ गई। गुरुवार रात 9.30 बजे दोनों लोग इटावा डिपो की बस से दिल्ली लौट रहे थे। इस बीच बस में सवार किसी यात्री ने आरएम परशुराम पांडेय को फोन कर बताया कि एक युवक विदेशी लड़की को जबरन ले जा रहा है। आरएम के निर्देश चालक बस को लेकर सीधे थाने पहुंचा।

वहां, सीओ प्रवीण कुमार तिवारी और इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने युवक-युवती से पूछताछ की। महिला थाने की इंस्पेक्टर रंजना गुप्ता भी पहुंच गईं। देर रात तक आईबी और एलआईयू की टीम भी हिमांशु और युवती से पूछताछ करती रहीं। एसपी ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि ब्रुकलिन ने स्वेच्छा से आने की बात कही है। वह अपनी सहमति से ही हिमांशु के साथ दिल्ली होते हुए चंडीगढ़ जाना चाहती है। उसने हिमांशु के विरुद्ध भी कोई कार्रवाई करने से मना किया है।

## अब इस दिन तक एडमिशन कैसिंल कराने पर उच्च शिक्षण संस्थानों को लौटानी होगी पूरी फीस

**नई दिल्ली 14 जून।** प्रवेश निरस्त कराने वाले छात्रों की फीस वापसी पर उच्च शिक्षण संस्थानों की मनमर्जी अब नहीं चलेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नए शैक्षणिक 2024-25 में प्रवेश निरस्त कराने वाले छात्रों की फीस वापसी को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए है, जिसमें 30 सितंबर तक प्रवेश निरस्त कराने पर उच्च शिक्षण संस्थानों को छात्रों को पूरी फीस लौटानी होगी।इतना ही नहीं, यदि कोई 31 अक्टूबर तक भी अपना प्रवेश निरस्त कराता है तो एक हजार रुपए प्रोसेसिंग फीस काटकर उसकी बाकी राशि लौटानी होगी। यूजीसी ने इस दौरान सभी विश्वविद्यालयों व उससे संबद्ध उच्च शिक्षण संस्थानों को फीस वापसी लेकर बनाए गए नियमों की भी याद दिलाई है, जिसमें फीस वापस न करने वाले संस्थानों की मान्यता छिन सकती है। साथ ही उस संस्थानों को मिलने वाली वित्तीय मदद भी रोकी जा सकती है।इससे पहले शैक्षणिक सत्र-2022-23 में यूजीसी की दखल के बाद छात्रों की 30 करोड़ से अधिक फीस वापस कराई थी।

# शहरी क्षेत्र के भूमिहीन BPL परिवारों को गांव में मिलेगी 5 डिसमिल जमीन



**मुजफ्फरपुर, 14 जून [एजेंसी]।**

दस वर्षों से शहरी क्षेत्र में रहने वाले बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) भूमिहीन परिवारों को ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों को वास के लिए पांच-पांच डिसमिल जमीन दी जाएगी।वहीं, सामूहिक रूप से 20 परिवारों को बसाने के लिए सौ डिसमिल जमीन ली जा सकती है। इस संबंध में राजस्व विभाग ने सभी समाहर्ता को पत्र जारी किया है। संयुक्त सचिव आसीव वत्सराज द्वारा जारी पत्र के अनुसार शहरी क्षेत्र में वास भूमि नीति, 2014 के तहत जमीन दी जानी है।अगर शहरी क्षेत्र में जमीन उपलब्ध नहीं है तो ग्रामीण क्षेत्र में गैरमजरूआ आम श्रेणी की जमीन की बंदोबस्ती इन परिवारों के नाम की जा सकती है। इस श्रेणी की जमीन उपलब्ध नहीं होने पर एमवीआर दर पर क्रय कर भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है। सामूहिक रूप से 20 परिवार के लिए अगर कहीं सौ डिसमिल जमीन ली जा रही है तो वहां इससे अतिरिक्त 20 डिसमिल जमीन ली जाए। 20 डिसमिल जमीन में आंतरिक सड़क एवं सामुदायिक भवन का निर्माण होगा।संयुक्त सचिव ने यह स्पष्ट किया है कि उन परिवार को ही जमीन दी जाए जिनके किसी सदस्य के पास राज्य या राज्य के बाहर वास भूमि या आवास नहीं है। साथ ही शहरी क्षेत्र में कम से कम दस वर्षों से निवास कर रहा है। इस पत्र के बाद सभी अंचलों के अंचलाधिकारियों, डीसीएलआर और एसडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# दालों की खरीद गारंटी योजना लाएगी सरकार, मोदी 3.0 में कृषि क्षेत्र की प्राथमिकता होगी दाल में आत्मनिर्भरता

**नईदिल्ली, 14 जून [एजेंसी]।**



देश में दलहन एवं तेलहन की भारी कमी को देखते हुए खरीद गारंटी योजना लाने पर विचार किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग की लगातार तीसरी सरकार की कृषि क्षेत्र की प्राथमिकता दाल में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की होगी। देश में दालों की कमी को फिलहाल दो तरीके से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात का विकल्प तो खुला रहेगा किंतु स्थायी समाधान के लिए दाल की खेती का रकबा बढ़ाकर उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि पर जोर रहेगा। भारत दाल का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं आयातक है। किंतु घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रत्येक वर्ष लगभग 20 से 26 लाख टन दाल का आयात करना पड़ता है। कृषि एवं किसान मंत्रालय की जिम्मेवारी संभालने के बाद मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दलहन एवं तेलहन की कमी को चुनौती की तरह लिया है। लगातार तीन दिनों से अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। किसानों की जरूरतों को समझ रहे हैं। उन्होंने महसूस किया कि देश में सबसे ज्यादा मांग अरहर दाल की है।

कृषि मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि शीर्ष स्तर पर चर्चा के दौरान बात आई कि 100 दिन के एजेंडे के तहत ऐसी नीति की ओर बढ़ना है जिसके माध्यम से देश में अरहर एवं उड़द दाल की उपज बढ़ाई जा सके। किसानों को धान और गेहूं की परंपरागत खेती से अलग करके दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही उत्पादन के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर पूरी उपज की खरीद सुनिश्चित की जा सके। ऐसा करने पर दाल की खेती के लिए किसान प्रेरित होंगे। आयात घटाने के लिए प्रोत्साहन योजना लाने के साथ-साथ दूसरे देशों में कांट्रैक्ट फार्मिंग के विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है। शिवराज सिंह चौहान से कृषि क्षेत्र को बड़ी उम्मीद है। इसलिए कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में बेहतर काम किया है। सूत्रों के मुताबिक दलहन एवं तिलहन उत्पादन प्रोत्साहन योजना तैयार है। दालों की खरीद में केंद्रीय एजेंसियों एनसीसीएफ, नाफेड एवं सहकारी संस्थाओं को अत्यधिक मुस्तैद किया जाएगा। किसानों को खुले बाजार में भी जाने की छूट होगी। उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराएगी।दालों की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए पहले से भी उपाय किए जा रहे हैं। एक दशक में दलहन की उपज में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वर्ष में दाल उत्पादन 245 लाख टन का अनुमान है। इसमें अरहर 33.85 लाख टन है। चना एवं अन्य दालों का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। किंतु अरहर एवं उड़द में अभी काफी काम करना है। इसलिए इन दोनों का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अरहर खरीद के लिए किसानों का निबंधन बीज बोने से पहले ही कराया जा रहा है। अन्य दलहन की खरीद के लिए भी विचार किया जा रहा है। उपभोक्ता कार्य विभाग की सचिव निधि खरे ने दूसरे देशों से दाल आयात के लिए नियमों को आसान बनाया और म्यांमार से मुद्रा से संबंधित दिक्कतों को दूर किया।

# NASA ने स्पेस सूट में असुविधा के कारण रद्द की स्पेसवॉक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नहीं बताया कोई कारण

**वाशिंगटन, 14 जून [एजेंसी]।**



स्पेस सूट में असुविधा की समस्या सामने आने पर 13 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर स्पेसवॉक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं हो सका। इसे अंतिम समय में रद करना पड़ा। अंतरिक्ष यात्री ट्रेसी सी. डायसन और मैट डोमिनिक स्पेस स्टेशन के बाहर स्पेसवॉक करने वाले थे। वाक शुरू होने से कुछ समय पहले नासा की प्रवक्ता ने लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान कहा कि आज का स्पेसवॉक योजना के अनुसार नहीं हो पाएगा। यह स्पेसवॉक मिशन अंतरिक्ष स्टेशन के 23 साल के इतिहास में नासा का 90वां और इस साल का दूसरा मिशन होने वाला था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि स्पेस सूट में असुविधा का कारण क्या था। कहीं इसके पीछे अंतरिक्ष यात्री के चिकित्सा का मुद्दा तो कारण नहीं था। दरअसल, नासा ने बुधवार रात को गलती से अपने लाइव यूट्यूब फीड पर अंतरिक्ष स्टेशन पर डीकंप्रेसन बीमारी के लिए इलाज किए जा रहे अंतरिक्ष यात्रियों की एक नकली आपात स्थिति प्रसारित कर दी थी, जिससे चालक दल के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में सार्वजनिक चिंता बढ़ गई थी। डीकंप्रेसन तब होता है जब दबाव में तेजी से कमी आती है।नासा ने कहा कि कोई वास्तविक आपात स्थिति नहीं थी और अनजाने में यह प्रसारित हो गया था। चालक दल के सदस्य और ग्राउंड टीमें अंतरिक्ष में विभिन्न स्थितियों के लिए प्रशिक्षण लेते हैं और यह वास्तविक आपात स्थिति से संबंधित नहीं है।



# मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने के लिए अपनाएं ये तरीके

**गर्मियों में लगातार पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, खान-पान पर ध्यान देना चाहिए।शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है, लेकिन इस चक्कर में मीठी ड्रिंक्स का सेवन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर मीठी ड्रिंक्स की लालसा को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।**

### भरपूर पानी का करें सेवन

मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने का सबसे आसान तरीका एक भरपूर पानी का सेवन करना है।दरअसल, कई लोग प्यास लगने पर मीठी और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने का मन होने लगता है क्योंकि इनका स्वाद अच्छा लगता है, लेकिन हाइड्रेट रहकर इस लालसा को कम किया जा सकता है।लाभ के लिए अपने पास पानी से भरी बोतल रखें और समय-समय पर इसका सेवन करते रहें।यहां जानिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के तरीके।

### फल का करें सेवन

मीठी ड्रिंक्स के नियमित सेवन से मोटापे, उच्च ब्लड शुगर स्तर, अर्थराइटिस जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।इसलिए इसका लालसा को कम करने के लिए फलों का चयन करें। तरबूज, खरबूजा, लीची और जामुन जैसे पानी से भरपूर फल न सिर्फ भूख मिटा सकते हैं, बल्कि शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं।अतिरिक्त लाभ के लिए फलों की चाट बनाकर खाएं, जो स्वाद और पोषक तत्व, दोनों प्रदान करेगी।

### तनाव को नियंत्रित करें

तनाव जैसे मानसिक विकार भी मीठी चीजों की लालसा का कारण बन सकते हैं।दरअसल, तनाव से कोर्टिसोल (एक प्रकार का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जिससे मीठी चीजे खाने का मन करता है।

इसलिए अपने तनाव के स्तर को कम करने की पूरी कोशिश करें।इसके लिए आप थोड़ा टहल सकते हैं या फिर ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं। यकीनन इससे आपको काफी फायदा होगा।

### पोषक तत्वों से भरपूर ड्रिंक्स पिएं

जब आप पहले से ही जानते हैं कि आपको क्या खाना-पीना चाहिए तो यह मीठी ड्रिंक्स की लालसा को खत्म करने में मदद कर सकता है।इसके अलावा डाइट में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और अन्य खनिजों से युक्त ड्रिंक्स को शामिल करें। इससे मीठी ड्रिंक्स की लालसा की गुंजाइश भी कम हो जाएगी।लाभ के लिए नींबू पानी, बेल का शरबत और नारियल पानी का सेवन करें और घर पर बनाई जाने वाली ड्रिंक्स में चीनी न मिलाएं।

### एक नियम बना लें

दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने के लिए एक नियम बना लें क्योंकि इससे मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने में मदद मिल सकती है।

उदाहरण के लिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी का सेवन करना, फिर लंच के बाद एक गिलास पानी का सेवन करना, फिर रात के खाने से पहले तीन-चार बार एक गिलास पानी का सेवन करना और सोने से पहले एक गिलास पानी का सेवन करना।

## विजय सेतुपति की महाराजा की कहानी से उठा पर्दा!

विजय सेतुपति की महाराजा 14 जून को तमिल और तेलुगू में रिलीज होने के लिए तैयार हैं, जो कि साउथ स्टार की 50वीं मूवी होगी. फिल्म को डायरेक्ट किया निथिलन स्वामिनाथन ने वहीं विजय के साथ अनुराग कश्यप भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं. हाल ही में मूवी का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें बॉलीवुड डायरेक्टर की केवल झलक देखने को मिली थी. लेकिन अब नए ट्रेलर में फिल्म की कहानी से पर्दा उठ गया है. वहीं फैंस कहते दिख रहे हैं कि यह डरा देने वाला ट्रेलर है. महाराजा की टीम ने कुछ घंटे पहले ही नया ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें विजय सेतुपति ने एक बार फिर लोगों का ध्यान खींचा है. जबकि अनुराग कश्यप का अनदेखा अवतार देखने को मिल रहा है. फिल्म में इन दो स्टार्स के अलावा ममता मोहन दास और नैटी अहम रोल में नजर आ रहे हैं.

वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय सेतुपति को विक्रम, मास्टर और 96 जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है. वहीं फैंस उनके विलेन अवतार को देखने के लिए काफी एक्साइटेड रहते हैं. जबकि बॉलीवुड में उनका जवान फिल्म



का रोल अभी भी फैंस को पसंद है. हालांकि साल 2024 में रिलीज हुई कटरीना कैफ के साथ आई मैरी क्रिसमस फैंस के बीच इतनी छा नहीं पाई. लेकिन देखना होगा कि महाराजा फैंस का कितना ध्यान खींचने में कामयाब हो पाती है.

## अवनीत कौर और सनी सिंह की फिल्म लव की अरेंज मैरिज का गाना दिल समझदार जारी

अभिनेता सनी सिंह पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म लव की अरेंज मैरिज को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में सनी की जोड़ी छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री अवनीत कौर के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब निर्माताओं ने लव की अरेंज मैरिज का नया गाना दिल समझदार जारी कर दिया है, जिसे सुखविंदर सिंह ने अपनी आवाज दी है।इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं।

लव की अरेंज मैरिज छोटे शहर की कहानी है, जिसमें लव और इशिका की लव स्टोरी दिखाई गई है। हालांकि, यह लव स्टोरी इतनी आसान भी नहीं है, जितनी दिख रही है।

लव की अरेंज मैरिज का प्रीमियर 14 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है।इस फिल्म में सनी और अवनीत के अलावा अन्नू



कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।इशरत खान ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।अभिनेता सनी सिंह को आखिरी बार प्रभास और कृति सैनन के साथ फिल्म आदिपुरुष में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

लव की अरेंज मैरिज की टक्कर महाराज से होगी, जो 14 जून को ही नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इस फिल्म से आमिर खान के बेटे जुनैद खान डेब्यू कर रहे हैं। इस पीरियड फिल्म में जयदीप अहलावत नेगेटिव रोल में हैं।

## करण जौहर की किल का ट्रेलर जारी, ट्रेन में जबदस्त एक्शन करते नजर आए लक्ष्य लालवानी



काफी समय से फिल्म किल को लेकर चर्चे बने हुए थे. करण जौहर के प्रोडक्शन में इस बार प्यार की कहानी तो दिखाई जाएगी लेकिन उसका अंदाज अनोखा होने वाला है. फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे रिलीज से पहले ही करण ने बता दिया था कि कमजोर दिल वाले इसे ना देखें. सच में फिल्म किल का ट्रेलर इतना खतरनाक है तो पूरी फिल्म कितनी खूंखार होने वाली है.

फिल्म किल में एक लव स्टोरी है लेकिन वो आशिक इतना खूंखार होता है कि सभी डर जाते हैं. चलती ट्रेन में जब खूनी खेल होता है और आप ये ट्रेलर में देखेंगे तो दांतों तले उंगलियां चबा जाएंगे. फिल्म का ट्रेलर सच में बहुत खतरनाक है.

धर्मा प्रोडक्शन और सिख्या एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनी फिल्म का ट्रेलर उनके इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है. इसके कैप्शन में लिखा गया, एड्रेनालाईन रश के लिए तैयार हो जाओ. ट्रेलर देखना मत भूलना. फिल्म थिएटर्स में 5 जुलाई को रिलीज होगी. ट्रेलर के कैप्शन में एक वॉर्निंग भी दी गई है. जिसमें लिखा है, इस फिल्म में हिंसक सामग्री है जो कुछ दर्शकों के लिए तीव्र और परेशान करने वाली हो सकती है. दर्शक इसे सोच-समझकर ही देखें. जरा सोचिए जिस फिल्म के ट्रेलर में ऐसी वॉर्निंग मेकर्स दे रहे हों तो वो फिल्म कैसी होगी. अगर आपको एक्शन-थ्रिलर के साथ ऐसी चीजें देखना पसंद है तो 5 जुलाई को तैयार हो जाइए. फिल्म के ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि एक लव स्टोरी होती है और ट्रेन में वो शुरू होती है.

## मेरे पेरेंट्स मुझे एक्ट्रेस नहीं, एथलीट बनते देखना चाहते थे: अद्रिजा रॉय



इमली फेम अद्रिजा रॉय इन दिनों टीवी सीरियल कुंडली भाग्य में नजर आ रही हैं. उन्होंने बताया कि उनके पेरेंट्स उन्हें एक्ट्रेस नहीं बल्कि एथलीट बनते देखना चाहते थे. अद्रिजा रॉय ने कहा, मेरे पेरेंट्स चाहते थे कि मैं एक एथलीट बनूं. मैंने पश्चिम बंगाल में नेशनल लेवल पर खेला है और दौड़ में मेडल भी लिए हैं. अपने कॉलेज के दिनों में, जब मैंने एनुअल फंक्शन और थिएटर में हिस्सा लेना शुरू किया तो, मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग में अपना अच्छा करियर बना सकती हूं. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह मेरे लाइफ का टर्निंग प्वाइंट था. इन फेस्ट का हिस्सा बनकर, मुझे एहसास हुआ कि एक्टिंग एक ऐसी चीज है जिसे मैं एन्जॉय करती हूं. इसके बाद मैंने कई ऑडिशन दिए.

आखिरकार, मेरा शौक पैशन में बदला और मेरी मेहनत रंग लाई. मेरे पेरेंट्स पहले तो खुश नहीं थे, लेकिन अब वह मुझे टीवी पर देख बहुत खुश होते हैं. लाइफ हमें उस जगह ले जाती है जहां हम होना चाहते हैं. शुरू में कोलकाता से मुंबई जाना मुश्किल था, लेकिन अंत भला तो सब भला. अपने पेरेंट्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब वे मुझे एक एक्ट्रेस के रूप में देख खुश हैं. वे मुझे कुंडली भाग्य में पालकी का खूबसूरत किरदार निभाते हुए देख रोमांचित होते हैं. यह मेरे सपनों को हकीकत में बदलने की दिशा में एक कदम है और मैं वास्तव में खुश हूं कि मेरी जर्नी कैसे आगे बढ़ रही है. कुंडली भाग्य में प्रीता के रोल में श्रद्धा आर्य, करण के किरदार में शक्ति आनंद, राजवीर की भूमिका में पारस कलनावत हैं.

वहीं पालकी का किरदार अद्रिजा रॉय निभा रही हैं. इनके अलावा, शौर्य का रोल बसीर अली अदा कर रहे है. शो की कहानी इन्हीं सभी किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है. कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है. वर्कफ्रंट की बात करें तो, अद्रिजा रॉय ने कई रिजनल फिल्में और सीरीज की हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में संन्यासी राजा, जय काली कलकत्तावाली और परिणीता जैसे शो में काम किया. उन्हें लोकप्रियता पोतोल कुमार गांवाला शो से हासिल हुई. यह शो स्टार जलसा पर प्रसारित होता था. कई टीवी सीरियल के बाद, उन्होंने राज चक्रवर्ती एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म परिणीता में सपोर्टिव रोल निभाया.

## रोजाना कुछ मिनट बैठे-बैठे करें ये 5 योगासन, वजन घटाने में मिलेगी मदद

रोजाना योग करने से तनाव और शरीर की अतिरिक्त चर्बी को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिल सकती है।अलग-अलग योग आसन शरीर के अलग-अलग हिस्सा को लक्षित करते हैं और आज हम आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें रोजाना 20-30 मिनट बैठकर करने से आप अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं।आइए उन प्रभावी योगासनों के बारे में जानते हैं।

पश्चिमोत्तानासन-सबसे पहले योगा मैट पर दोनों पैरों को आपस में सटाकर आगे की ओर फैलाकर बैठें।अब दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाएं फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे कि ओर झुकें और माथे को घुटनों से सटाते हुए हाथों से पैरों के अंगुठों को पकड़ने का प्रयास करें।कुछ सेकंड के लिए इसी अवस्था में बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें, फिर गहरी सांस लेते हुए सामान्य हो जाएं।यहां जानिए पश्चिमोत्तानासन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें।

नावासन

सबसे पहले योगा मैट पर बैठकर पैरों को एकदम सीधा फैला लें।इसके बाद अपने दोनों पैरों के पंजों को आपस जोड़ते हुए उन्हें 45 डिग्री तक सांस भरते हुए उठा लें। अब अपने दोनों हाथों को कंधे की सीध में उठाते हुए घुटनों की तरफ एकदम सीधा रखें।इसी अवस्था में अपने सिर और पीठ को भी उठाएं और नाव का आकार ले लें। इसके बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे योगासन को छोड़ें।



बालासन

इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठें और गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं, फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुककर माथे को जमीन से सटाएं।इस अवस्था में दोनों हाथ सामने, माथा जमीन से टिका हुआ और छाती जांघों पर रहेगी।कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहकर सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इसके बाद सांस लेते हुए धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

अर्ध मत्स्येन्द्रासन

अर्ध मत्स्येन्द्रासन के लिए सबसे पहले दंडासन की मुद्रा में बैठ जाएं, फिर दाएं पैर को घुटने से मोड़ते हुए बाएं घुटने के ऊपर से इसके किनारे पर रख लें।इसके बाद बाएं घुटने को मोड़कर इसकी एड़ी को दाएं कूल्हे के नीचे रखें और बाएं हाथ से दाएं टखने को पकड़ने की कोशिश करें।इस दौरान दाएं हाथ को कमर के पीछे रखें। कुछ सेकंड इसी स्थिति में बने रहें और धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

बिटिलासन-इस आसन के लिए सबसे पहले योगा मैट पर वज्रासन की मद्रा में बैठें, फिर आगे की ओर झुकते हुए दोनों हाथों को आगे सीधे जमीन पर टिका लें।अब कूल्हे को ऊपर की तरफ और पेट को जमीन की ओर दबाएं। इसके बाद सिर को उठाते हुए कुछ सेकंड सीधे या फिर आसमान की तरफ देखें।कुछ देर इस मुद्रा में बने रहने के बाद धीरे-धीरे वज्रासन की अवस्था में वापस आ जाएं और आसन छोड़ दें।



## अनन्या पांडे ने क्रॉप टॉप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही क्यूट लुक्स में तस्वीरें क्लिक करवाई हैं, जिसमें उनकी खूबसूरती देखकर फैंस का दिल मचल गया है।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपने लेटेस्ट क्यूट अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी ज्यादा गॉर्जियस नजर आ रही हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक फोटोज पर अपना दिल हार जाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी अनन्या पांडे का स्टनिंग लुक देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का क्रॉप टॉप और लोअर पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा क्यूट और हॉट लग रही हैं।

दरअसल, एक्ट्रेस अनन्या पांडे की ये तस्वीरें एक इवेंट के दौरान की है, जहां उनका ये खूबसूरत और प्यारा सा अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं, साथ ही उनका ये लुक फैंस की धड़कनें भी बढ़ा रहा है।

## कल्कि 2898 एडी की ओटीटी पर 375 करोड़ में हुई रिकॉर्ड ब्रेकिंग डील



सालार की शानदार सफलता के बाद प्रभास के खाते में एक और बेहतरीन फिल्म कल्कि 2898 एडी है. यह फिल्म इन दिनों जमकर सुर्खियों में बनी हुई है. नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाले हैं.

तीनों बड़े सितारों को एकसाथ पर्दे पर देखने के लिए फैंस बेताब हो रहे हैं. फिल्म को लेकर लोगों में खूब क्रेज देखने को मिल रहा है. अब इस फिल्म की रिकॉर्ड ब्रेकिंग ओटीटी डील की भी खबर सामने आ रही है. कहा जा रहा है कि ओटीटी राइट्स एक नहीं बल्कि दो प्लेटफॉर्म ने खरीदे हैं. कल्कि 2898 एडी को नेशनल लेवल पर प्रमोट करने के लिए मेकर्स सारे पैंतरे अपना रहे हैं. फिल्म को 600 करोड़ के बिग बजट में बनाया गया है. इस फिल्म की सबसे खास कास्ट बुज्जी है, जिसकी झलक मेकर्स कुछ दिन पहले ही दिखा चुके हैं. अब फिल्म के निर्माता 600 करोड़ के भारी भरकम बजट में इस साइंस फिक्शन फिल्म ने अपने पूरे खर्चे की आधी कमाई तो ओटीटी प्लेटफॉर्म को इसके डिजिटल राइट्स बेचकर कर ली है. फिल्मी बीट की रिपोर्ट की मानें तो प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के ओटीटी राइट्स एक नहीं बल्कि दो बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म ने खरीदे हैं. नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के हिंदी वर्जन के राइट्स 200 करोड़ रुपये में खरीदे हैं. वहीं अमेजन प्राइम वीडियो ने साउथ लैंग्वेज के लिए 175 करोड़ रुपये खर्च किए हैं.

## शब्द सामर्थ्य -087

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 086 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| पो | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# राजस्व विभाग के कार्यों को लेकर उठते सवाल

## 12 साल से न्याय की उम्मीद में भटक रहा कश्मीरी पंडित परिवार

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में राजस्व विभाग की लापरवाही से कश्मीरी पंडित परिवार पिछले 12 साल से न्याय की उम्मीद में भटक रहा है। दरअसल पैतृक जमीन के लालच में भाई ने बहन को मृत व निस्संतान बताकर फर्जी तरीके से उनके हिस्से की जमीन की बिक्री कर दी। जमीन वापस पाने के लिए अब पीड़ित परिवार तहसील व राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहा है।

मालूम हो कि ग्राम सरडी के नरेंद्रनाथ राजदान के दो बेटे व चार बेटियां थीं। बेटियों में से दो की मौत हो चुकी है। बड़े बेटे कैलाशनाथ राजदान महलपारा बैकुंठपुर में रहते हैं। बहन रंजना गंजू की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई है। रंजना के दो बेटे संदीप गंजू व कुलदीप गंजू भोपाल में रहते हैं। मां की मृत्यु के बाद संपत्ति की जानकारी लेने संदीप व कुलदीप जब सरडी पहुंचे तब पता चला कि खसरा नं



779/1 रकबा 0.50 हेक्टेयर का नामांतरण कर दिया गया है। भूमि के संबंध में इश्तेहार प्रकाशित कराया गया था जिसमें यह उल्लेखित किया गया था कि रंजन गंजू निस्संतान थीं, इसलिए किसी प्रकार की दावा आपत्ति न मिलने पर तत्कालीन तहसीलदार ने अग्रिम कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मामले में 12 साल से पीड़ित गंजू परिवार न्याय की गुहार लेकर दर-दर भटकने को मजबूर है लेकिन राजस्व विभाग से अब तक न्याय नहीं मिल सका है। पीड़ितों ने पीएमओ, सीएम को कई चिठ्ठियां लिख डाली है। लेकिन इतने साल बाद भी मामले में राजस्व विभाग से न्याय नहीं मिला है।

मामले में दिप्ति गंजू पति संदीप गंजू ने कलेक्टर कोरिया को लिखते हुए कहा कि रंजना राजदान गंजू की पैतृक संपत्ति नामांतरण केस बहुत समय से भू-राजस्व विभाग के पास विचाराधीन है। 22 मई 2024 को वारिसगार संदीप गंजू व कुलदीप गंजू की उपस्थिति में तहसीलदार बैकुंठपुर की अदालत में संपन्न हुई जिसका आदेश अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं मामले में कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है, राजस्व विभाग को मामले में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# स्वास्थ सेवाओं में हुई लापरवाही तो नपेंगे जिम्मेदार:विधायक



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला अस्पताल बैकुंठपुर की बिगड़ी स्वास्थ व्यवस्थाओ को लेकर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व बैकुंठपुर के वर्तमान विधायक भईया लाल राजवाड़े ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है की जिस प्रकार हर रोज कभी प्रसव में लापरवाही तो इलाज नहीं करने के डर से अन्यत्र रेफर करने सहित सामान्य बीमारी के मरीजों के इलाज में लापरवाही की शिकायत मिल रही है और जिले वासियों को स्वास्थ सेवाएं मिलने में दिक्कत हो रही है उसे स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार कान खोलकर सुनलें और व्यवस्था सुधार लेवें वरना जिस तरह प्रसव और अन्य साधारण मरीज परेशान हो रहे हैं और बाहर रेफर किए जा रहे हैं ।

मै ऐसे लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों को उनकी सही जगह भेज दूंगा । अवगत करा दें की श्री राजवाड़े अपनी आज तक के राजनीतिक जीवन में उनका सबसे ज्यादा ध्यान लोगों की स्वास्थ व्यवस्था को लेकर काफी सजग रहा है। विधायक भईया लाल राजवाड़े जिले से लेकर राजधानी तक अपनी इसी सेवा भाव के लिए ईलाज वाले बाबा के नाम से जाने जाते रहे हैं। श्री राजवाड़े लोगों के स्वास्थ के प्रति शुरू से गंभीर रहे हैं। गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को बड़े बड़े अस्पतालों तक पहुंचाकर उन्हें ईलाज मुहैया करवाने का कार्य करते रहे तो दूसरी तरफ आधी रात जिला अस्पताल पहुंचकर अपनी निगरानी में गर्भवती बहनों का प्रसव कराने जैसी सेवा करते रहे । वर्तमान में बैकुंठपुर जिला अस्पताल से आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ व्यवस्था में लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाली बात को दोहराते हुए कहा की मुझे समूचे जिले में स्वास्थ विभाग से संबंधित कोई भी लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए मै लोगों के स्वास्थ के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं करूंगा । उन्होंने कहा की कई वर्षो से जिला अस्पताल के विभिन्न पदों पर बैठे लोग भी अपनी आदत सुधार लें और जिम्मेदारी अनुसार कार्यों का निर्वहन करें वरना उन्हें भी उनकी सही जगह लगाने में विलंब नही करूंगा साथ ही उन्होंने कहा की कोरिया जिले में सिर्फ और सिर्फ ईमानदारी से काम करने वाले ही रहेंगे नेतागिरी के बल पर कुर्सी तोड़ने वाले नही । विधायक राजवाड़े ने आगामी बरसात के दौरान सर्पदंश की घटनाओं के लिए सभी उप स्वास्थ केंद्र ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला अस्पताल में त्वरित ईलाज और एंटी स्नैक वेनम की तैयारी दुरुस्त करने स्वास्थ विभाग को अवगत कराया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोरिया।** अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीष भीष्म प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार 12 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग के पंकज कुमार वर्मा, संजीव साहू एवं श्रम निरीक्षण श्री गोपी सिंह द्वारा बैकुण्ठपुर के ग्राम भाड़ी एवं वहां स्थित दुकानों का निरीक्षण कर बाल किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम एवं विनियम 1986 के संबंध में जानकारी देकर बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करने को कहा गया। शिविर में लोगो को बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम नहीं लिया जा सकता यह अपराध है। अक्सर देखा जाता है कि श्रमिक, किसान परिवार के बच्चे छोटी उम्र में ही पढ़ाई छोड़ कर काम धन्धें में लग जाते है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शरीरिक एवं मानसिक स्थिति पर विपरित प्रभाव पड़ता है। अतः सरकार व अंतराष्ट्रीय संगठन द्वारा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के नियोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार पात्रे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा जनपद पंचायत खड़गवां में शिविर के माध्यम से लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि बाल श्रम बच्चों के शरीरिक और मानसिक विकास को रोकता है और उन्हें शिक्षा के अवसर से वंचित रखता है।

## कचरा संग्रहण पर दिया गया प्रशिक्षण



**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन और ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 12 जून को जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सभाकक्ष में 50 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छता दीदियों को कचरा कलेक्शन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि घर-घर कचरा संग्रहण करने, गिला सूखा कचरा अलग-अलग करने, स्वच्छाग्रही दीदी द्वारा ठोस कचरा कलेक्शन एवं सेंटर में पृथक्करण किया जाये। सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई किए जाने, ग्राम पंचायत स्तर पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध करना, आईईसी संदेश लिखे जाने एवं रजिस्टर का संधारण किए जाने हेतु बताया गया। स्वच्छता दीदियो को यूजर चार्ज के बारे में और रजिस्टर संधारण के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत में पाँच प्रकार की आईईसी भी कराने को कहा गया। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छता दीदीयां उपस्थित रहें।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**कोरिया।** मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। अतः छत्तीसगढ़ प्रदेष के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाषय जो निर्मित किए गए है। इसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा दस हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान किया गया है।

## पेंशनबाड़ा कालोनी से ई-रिक्शा पार

**रायपुर।** पेंशनबाड़ा में खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमीन शेख 43 वर्ष अमन नगर मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीएव 3080 को पेंशनबाड़ा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अधेड़ महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

**रायपुर।** देवनगरी रायपुरा में अज्ञात चोर ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सरिता चंद्राकर 49 वर्ष देवनगरी रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया पैदल अपने घर के तरफ जा रही थी, तभी अज्ञात लड़का आया और प्रार्थिया के गले से सोने की मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। छीने गए मंगलसूत्र की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 356, 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मैनेजर को मारा चाकू

**रायपुर।** बिलासपुर रेल मंडल में अवैध वेंडर्स के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि वो ट्रेन में पैंट्रीकार मैनेजर पर चाकू से जानलेवा हमला कर रहे है. पूरी घटना बिलासपुर-कटनी मार्ग के चंदिया रोड के पास की है. इस पूरे मामले की सूचना पेंट्रीकार संचालक की तरफ से आरपीएफके अधिकारियों को सौंप दी गई है. हालांकि इस रोड में अवैध वेंडर्स का आतंक किसी से छिपा नहीं है।

## बंदूक की नोंक पर युवक से साढ़े 27 लाख की लूट

**रायपुर।** आजाद चौक खरोरा स्थित ऑफिस के अंदर अज्ञात दो बदमाशों ने बंदूक की नोंक पर 27 लाख 50 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी विष्णु कुमार शर्मा 40 वर्ष गांधी चौक तिल्दा नेवरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात दो बदमाश कल दोपहर प्रार्थी के ऑफिस में घुस आया और बंदूक की नोंक पर बैग में रखे नकदी 27 लाख 50 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 454, 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** संतोषीनगर सांई विहार कालोनी खमतराई स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के जेवर पार कर दिया।

## डिंडो निवासी भाजयुमो नेता राकेश गुप्ता ने पत्नी संग की आत्महत्या

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के डिंडो निवासी भाजयुमो नेता राकेश गुप्ता के पत्नी अंजू गुप्ता संग जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिए जाने से पहले इंटरनेट मीडिया पर एक गाना भी पोस्ट किया था।

घटना से एक दिन पहले राकेश ने अपने भाई के साथ मोबाइल पर बातचीत भी की थी। इसमें अपने बेटे के अच्छे तरीके से लालन-पालन का भी जिक्र किया था। उनका एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट के आधार पर आर्थिक तंगी को ही इस घटना का जिम्मेदार माना जा रहा है। घर से मिले सुसाइड नोट में मासूम बच्चे के बेहतर शिक्षा, पालन पोषण और बीमा के साथ कार के किश्त की बात लिखी है। डिंडो स्थित घर पहुंचने से एक दिन पहले मृतक राकेश,पत्नी व बच्चे के साथ ससुराल भी गया था। उसी दिन बेटे के साथ एक वीडियो भी बनाया था। इस वीडियो को गाने के साथ बनाया गया था। अलग-अलग समय की तस्वीरें इस वीडियो में नजर आ रही है। स्वजन की माने तो राकेश गुप्ता ने घटना से एक दिन पहले भाई को मोबाइल पर फोन कर अपने बेटे की अच्छे से देखभाल करने और पढाने- लिखाने की बात कही थी। मृतक राकेश पहले ठेकेदारी करता था जिसमें नुकसान होने से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था। इसलिए अंबिकापुर में वह एक निजी अस्पताल में कम वेतन पर काम कर किराए के मकान में पत्नी व बच्चे के साथ रहता था। मालूम हो कि मंगलवार को राकेश गुप्ता और उनकी पत्नी अंजू गुप्ता ने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। तेज आवाज में उन्होंने कमरे का टीवी भी चलाया था। इसके बाद दोनों ने जहर सेवन किया था। घटना से पहले उन्होंने अपने अबोध बेटे को चाचा के पास भेज दिया था। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरस्वती नगर पुलिस ने जीई रोड चौपाटी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रियंक धुरंधर 38 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी संजय साहू 40 वर्ष व रामजी वर्मा 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद पटेल 36 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने आरोपी राहुल नामदेव 23 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी हर्ष शर्मा 23 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी जयराम साव 47 वर्ष व बाबु लाल प्रजापति 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी रमेश बंजारे 28 वर्ष व माना पुलिस ने आरोपी अमर विश्वास को गिरफ्तार किया है।

## शहरी क्षेत्र के नालों पर कब्जा नालापारा में 15 अतिक्रमण हटाए गए



**अंबिकापुर।** नगर निगम क्षेत्र में पानी निकासी के लिए प्राकृतिक रूप से बने नालों में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन व नगर निगम ने संयुक्त रूप से मुहिम चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। दो दिन में नगर के गंगापुर नालापारा क्षेत्र में पानी निकासी के नाले पर बने अवैध 15 मकान को नगर निगम में ढहा दिया है। एक्टीवेटर से ताबड़तोड़ कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई है। मेडिकल कालेज क्षेत्र के नालापारा मोहल्ले में शासकीय भूमि पर एक ऐसा अतिक्रमण सामने आया जिसमें शासकीय हैंडपंप को कब्जा कर सबमर्सिबल पंप लगा लिया गया था।यहीं तीन बड़े कमरा बना लिए गए थे जहां कोई रहता नहीं था। नगर निगम व प्रशासन की टीम ने इन तीन कमरों को तोड़ डाला और सबमर्सिबल भी जब्त कर लिया है। यहीं पर तीन और मकान बने थे जो खाली पड़े थे किंतु यहां दो कंप्यूटर फोटो कापी मशीन बड़े पैमाने पर दस्तावेज भी जब्त किए गए।यहां किस तरह का काम चल रहा था यह बता पाना मुश्किल है। अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।यहां के कमरों में टेबल और कुर्सियां भी लगी हुई थी, जिसे अनुमान लगाया जा रहा है कि अतिक्रमण कारित जमीन पर मकान बनाकर अवैध कारोबार भी संचालित हो रहा होगा। नालापारा मोहल्ले में ही छह अन्य अतिक्रमण तोड़ा गया।यहां तो नाले में ही जिसमें चारों तरफ पानी भरा हुआ था और मकान बना लिया गया था इसे हटाने में नगर निगम के अमले को भारी मशक्कत करनी पड़ी।चारों ओर दलदल के बीच बने मकान को भी जमीदोंज कर दिया गया। एक ही दिन में नगर निगम ने यहां 10 मकान को तोड़कर हटाया है। एक दिन पूर्व नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी क्षेत्र में स्थित नाले में ही बने पांच मकान को तोड़ा गया। जहां नाला को पूरी तरह कब्जा कर लिया गया था। दो दिन में नगर निगम के अमले ने नाले में बने पानी निकासी के लिए अवरोध बने अतिक्रमित 15 मकान को हठाया है।यहां से सामानों को भी जब्त किया है। इस कार्रवाई में अंबिकापुर एसडीएम फागेश सिन्हा, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत, तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज सहित नगर निगम के भवन शाखा के अधिकारी, कर्मचारी सक्रिय रहे। कार्रवाई के दौरान गंभीर मामले सामने आए हैं। हाउसिंग बोर्ड कालोनी क्षेत्र में पानी निकासी के प्राकृतिक नाले की लंबाई राजस्व रिकार्ड में 18 मीटर है। इसमें अतिक्रमणकारियों ने नाले को नौ मीटर कब्जा कर लिया और मकान बना लिया था। इन सभी मकानों को भी धराशाई कर दिया गया। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि शहर के प्राकृतिक नाले और बरसाती पानी निकासी को किस तरह अतिक्रमण कर अवरुद्ध किया गया है।यही कारण है कि हर बार बरसात में नालापारा क्षेत्र डूब जाता था,इसलिए पहले ही इस तरह की कार्रवाई की जा रही है ताकि बरसात में पानी निकासी हो और नालापारा बस्ती बरसाती पानी से न डूबे।

# नीति आयोग द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा

**कोरिया।** आकांक्षी ब्लॉकों और आकांक्षी जिलों की 6 संकेतक एवं ब्लॉक विकास रणनीति की लक्षित संतृप्ति के संबंध में श्री बी.वी.आर सुब्रमण्यम (सी.ई.ओ.), नीति आयोग द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी।

इस कार्यक्रम में भारत के 329 जिलों के 500 आकांक्षी विकासखण्ड को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं ब्लॉक स्तर पर आवश्यक सरकारी सेवाओं की संतृप्ति करना है। प्रत्येक ब्लॉक के प्रमुख विषयों के अंतर्गत वर्गीकृत प्रमुख सामाजिक-आर्थिक संकेतकों की निगरानी पर ध्यान केन्द्रित करना है, जिसमें स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएँ, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास शामिल है। इन प्राथमिक विषयों के तहत पहचाने गए 40 प्रमुख संकेतकों पर किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि नीति आयोग द्वारा 40




संकेतकों में से 6 संकेतकों को जुलाई 2024 तक परिपूर्ण किया जाना है। जिसमें स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास, सामाजिक विकास एवं कृषि विभागों के संकेतक शामिल है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी-आर एस सेंगर, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी-पी.पी. सिंह एवं ए.बी.पी. फेलो- डॉ. इरशाद खान भी मौजूद रहे। वीडियो कांफ्रेंस के पश्चात कलेक्टर ने जिले में चल रहें आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नीति आयोग द्वारा दिए गए 6 प्रमुख संकेतकों को जुलाई 2024 तक परिपूर्ण करने एवं बी.डी.एस. के क्रियान्वयन की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

# जांच में लापरवाही बरतने पर 20 विवेचना अधिकारी किये गए निलंबित

## थाने में पहुँचे लोगो से करें सौहार्दपूर्ण व्यवहार, कृत कार्यवाही की जानकारी प्रार्थी से साझा करें - एसपी

**कोरिया बैकुंठपुर।** रक्षित केंद्र के कांफ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा समस्त पुलिस प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से जारी परिपत्र एवं परवानो के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की एवं जहाँ कंप्लायंस शेष है वहां अविलम्ब कंप्लायंस के निर्देश दिए साथ ही वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों को सभी थाना, चौकी एवं रक्षित केंद्र प्रभारी द्वारा गणना में सुनाने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक कोरिया ने जिले के अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओ के विरुद्ध करवाई करने, लंबित अपराध, चालान, विवेचना, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मर्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने का निर्देश दिया एवं इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



इस मैराथन बैठक में एसपी कोरिया ने सभी थानो के आकड़ो का सिलसलेवार निरीक्षण किया, सभी थाना/चौकी के विवेचकों से उनके पास लंबित अपराध, मर्ग, चालान एवं 01 माह से अधिक समय से लंबित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों पत्रों के बारे मे जानकारी ली एवं यथाशीघ्र लंबित प्रकरणों के निराकरण करने का निर्देश भी दिया है । बैठक में क्राइम पेंडेंसी की मौजूदा दर को 18 प्रतिशत से 10 प्रतिशत के भी नीचे लाने के लिए निर्देशित किया गया है । उक्त बैठक में समीक्षा दौरान कुछ प्रकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर थाना बैकुंठपुर से 10, थाना चरचा से 05, थाना पटना से 03 एवं थाना सोनहत से 02 कुल 20 विवेचकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। बैठक में एसपी ने सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में बाउंड ओवर की कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया है। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने के लिए भी निर्देशित किया है। 03 सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से हॉर्न बजाते हुए दुपहिया वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही बढ़ाने के साथ मालवाहकों पर सवारी बैठाने वालों पर कड़ाई के भी निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा में हुई दुर्घटना के बाद ऐसे करीब 25 प्रकरणों पर भारी चालान जिले में लगाते हुए एक प्रकरण में स्व्रक्क्र भी की गई है। एसपी कोरिया ने लघु अधिनियमों में बराबर कार्यवाही करते हुए जुआं सट्टा, शराब, कोयला चोर पकड़ने के भी निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक ने जिलें के अपराध समीक्षा बैठक मे विवेचक के कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की विवेचना की जाए। राजपत्रित अधिकारी विवेचकों के कार्यों के बटवारा पर विशेष ध्यान दे। कोरिया जिले की इस अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि आपके अधिनस्थ, आपके द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं दोषसिद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। विवेचना के स्तर पर आवश्यक सुधार कर दोषसिद्धि स्तर बढाने का भरपूर प्रयास करें। क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी हफ्ते मे कम से कम एक बार अपने अधिकार क्षेत्र के किसी एक थाना मे विजिट जरूर करें तथा समय समय पर औचक निरीक्षण करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि प्रत्येक आरक्षक अपने-अपने बीट की कानून व्यवस्था एवं अपराध की जानकारी रखे एवं समय-समय पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते रहे। जिले में विगत कुछ दिनों में 12 चोरी के नए पुराने प्रकरणों में खुलासे पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने विगत वर्षों से हो रही बाईक और सोलर लाइट की चोरी को गंभीरता से लेते हुए इसके निकाल के निर्देश दिए है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक स्वयं गणना लेंगे साथ ही शिकायत के सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति थाना से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो।

पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि जिले में हो रही चोरी, नकबजनी, गृह भेदन एवं साइबर से सम्बंधित अपराध को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना मे लगातार बुलाकर और सकूनत पर जाकर चेकिंग करते रहें। पैदल मार्च, कॉम्बिग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे विजिबल पुलिसिंग के लिए निकले। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो जिससे कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आकर शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। उक्त अपराध समीक्षा बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर श्रीमती कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, नेलशन कुजूर, जे. पी. भारतेन्दु, श्याम लाल मधुकर, प्रशिक्षु रविकांत शेयर समेत समस्त थाना/चौकी प्रभारी, विवेचकगण, यातायात प्रभारी, महिला सेल, कंट्रोल रूम एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहें।

# एक पखवाड़ा में कुसमुंडा फोरलेन के कामकाज को पूरा करने की चुनौती

## 200 करोड़ का योगदान दिया एसईसीएल ने



**कोरबा।** सवाल इस बात का है कि क्या अगले एक पखवाड़े के भीतर कुसमुंडा-तरदा फोरलेने के एक हिस्से में बाकी बचे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा? पीडब्ल्यूडी की ओर से इस प्रकार के दावे लगातार किये जाते रहे हैं। रास्ते पर कई प्रकार की समस्याएं अधूरे कार्यों को लेकर बनी हुई है और लोग परेशान हैं।

कोयलांचल कुसमुंडा से इस फोरलेन का निर्माण 4 वर्ष पहले शुरू कराया गया है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत 200 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई है। इसके माध्यम से सड़क विकास का काम चल रहा है। एसएमएस इंटरप्राइजेस नागपुर महाराष्ट्र इसकी क्रियान्वयन एजेंसी है जो लोक निर्माण विभाग की निगरानी में काम जारी रखे हैं। कई प्रकार की अड़चनों को दूर करने के साथ इस काम को गति दी गई लेकिन लंबा अरसा गुजरने पर भी कामकाज पूरा नहीं हो सका है। एसईसीएल के कोयला लोड वाहनों के साथ-साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट और अन्य वाहनों का संचालन भी इसी रास्ते पर निर्भर है। समस्या यह है कि इमलीछापर से सर्वमंगला तिराहे तक कई काम अधूरे हैं और कई जगह पैच छूटे हुए हैं। इनमें से पैच को भरने के काम को लेकर लोक निर्माण विभाग का दावा है कि जून के अंत तक हर हाल में इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिस तरीके से कार्य चल रहा है और मानसून के सक्रिय होने में देरी नहीं है, इससे कई आशंकाएं भी बनी हुई है। ऐसे में निर्माण एजेंसी के सामने चुनौती है कि वह किस तरीके से अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को महज 15 दिन में पूरा कर सके। बताया गया कि पूर्व वर्षों में जन प्रतिनिधि और प्रशासन के बीच टकराव होने के कारण ठेका कंपनी को काम करने में काफी मुश्किलें पैदा हुई। ऐसे में टेंशन यहां तक बढ़ा कि किये गए काम के भुगतान के लिए एड़ियां रगड़नी पड़ी।

### दायीं तट नहर पर बनेगा पुल

एसईसीएल कुसमुंडा के साइलो के नजदीक सड़क के दूसरे सिरे का काम तकनीकी कारणों से विलंबित है। जबकि सर्वमंगला नगर जाने वाले रास्ते पर नहर पुल में फोरलेन के लिए नए पुल का निर्माण कराया जाना भी बाकी है। सिंचाई विभाग से जुड़ी परेशानियां दूर करने के बाद पुल का निर्माण होगा।



## खतरनाक स्तर पर बोरर, लेगा 900 साल वृक्षों की बलि

**कोरबा।** बीमारियां वृक्षों को भी लगती है और कई मौकों पर ये उनके अंत का कारण बन जाती है। बोरर कीट प्रकोप इसी में शामिल है। वृक्षों की टहनियों से लेकर जड़ों को खोखला करने की क्षमता इसमें मौजूद है। अकेले बालको नगर रेंज में इस चक्कर में 900 साल वृक्षों की बलि चढ़ेगी।

वनमंडल कोरबा के अंतर्गत गर्मी के सीजन में यह बीमारी साल वृक्षों के लिए परेशानी बनी हुई है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक तौर जो चिन्हांकन किया गया है उसमें 900 वृक्ष सामने आये है उसमें कीट प्रकोप बोरर छाया हुआ है। जल्द ही इन्हें काटने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कारण यह है कि अगर ऐसा नहीं होता है तो आसपास के दूसरे वृक्ष इसकी चपेट में आयेगे और वे भी समाप्त हो सकते हैं। वर्तमान स्थिति में जहां कई समस्याएं है उसका सफाया करना प्राथमिकता है। कोशिश है कि आसपास के वृक्षों को बीमारी की चपेट में आने से बचा लिया जाए। विभाग के अधिकारी ने बताया कि बोरर प्रकोप होने से एक स्थिति ऐसी आती है जब पेड़ों का विकास रूक जाता है और उसमें खोखलापन अपनी जगह बना लेता है। अनेक स्थानों पर इस प्रकार के मामले प्रकाश में आये हैं। फिलहाल बालको नगर क्षेत्र में इस तरह की जानकारी है जिस पर अगली कार्रवाई करायी जा रही है। बताया जा रहा है कि प्राथमिक स्तर पर कुछ मामलों में चिकित्सा संबंधि काम करने से नियंत्रण संभव होता है लेकिन व्यापक पैमाने पर इस तरह के हालात बनने पर नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है।

## चिकित्सकों की कमी का मुद्दा उठेगा मुख्यालय में

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा व कोरबा के चिकित्सालयों में चिकित्सकों की कमी को लेकर एचएमएस काफी गंभीर है। इस मामले को आईआर बैठक में उठाते रहे हैं। मुख्यालय में आज एचएमएस की आईआर वार्ता है, जिसमें यह मुद्दा जोरशोर से उठाया जाएगा। एचएमएस के रेशमलाल यादव, गिरजा साहू, ए विश्वास व सुरेन्द्र मिश्रा का मानना है कि कोरबा क्षेत्र में कई बड़े खदान है। मेन पॉवर भी अधिक होने के कारण चिकित्सकों की कमी नहीं होनी चाहिए। कोरबा बांकीमोंगरा व गेवरा के चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक होनी चाहिए। यहां कई डिस्पेंशरी भी है। इस डिस्पेंशरी में भी प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सक होनी चाहिए। इसके अलावा और कई मुद्दों को रखा जाएगा। खास कर सिविल क्षेत्र के काम काफी लंबित रहते हैं। आवेदन दिए जाने के बाद भी कोयला कामगार अपने कामों के लिए भटकते हैं।

## बसपा की समीक्षा बैठक 17 को

**कोरबा।** बसपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार, मनीष आनंद का कोरबा आगमन 17 जून को हो रहा है। अंबेडकर भवन मुड़ापार में आयोजित इस बैठक में राधेश्याम सूर्यवंशी, दूजराम बौद्ध भी मौजूद रहेंगे। बैठक को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, मूलचंद, त्रिवेणीभास्कर, बाबूलाल टंडन, राजकुमारी नारंगे, भगवती केमेडिज तैयारी में लगे हुए है।

## हेंडपंप में पाईप बदलने की जरूरत

**कोरबा।** तिवरता क्षेत्र में जलस्तर नीचे चले जाने से हेंड पंपों से पानी नहीं आ रहा है। पाईप छोटा होने के कारण इन्हें बदलने की जरूरत है। भाजपा हरदीबाजार नगर मंडल के अध्यक्ष हरिश थरवानी ने पीएचई विभाग में जाकर अधिकारियों से गुहार लगाई है कि तिवरता क्षेत्र में लगे हुए हेंडपंपों से पानी नहीं आ रहा है। इन पंपों में सुधार कार्य किये जाने की जरूरत है। लोगों को पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। इसी तरह हरदीबाजार व छीनपुर क्षेत्र में भी पेयजल की समस्या है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर व नरेश टंडन ने कहा कि पीएचई विभाग के अधिकारियों को सर्वे कर हेंडपंपों को ठीक करने की जरूरत है।

## पूर्व सांसद डॉ. महतो के जन्मदिन पर होंगे कार्यक्रम




**कोरबा।** पूर्व सांसद स्व. डॉ. बंशीलाल के जन्मदिवस पर विभिन्न संगठनों के द्वारा कार्यक्रम करने की रूपरेखा बनाई जा रही है। इस अवसर पर एक पत्रिका का विमोचन भी होगा। इसमें उनके कार्यों को रेखांकित किया गया है।

## हाथियों को देख बाईक सवार युवक गिरकर हुए घायल



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल के केंदई व एतमा नगर रेंज में हाथियों का आतंक जारी है । केंदई रेंज में परला-जटगा मार्ग पर हाथियो को पार करते अचानक देख कर बाईक सवार युवको ने नियंत्रण खो दिया और बाईक से गिरकर घायल हो गए । जानकारी मिलने पर हाथियो की निगरानी में जुटी टीम ने घायल युवको को स्थानीय अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया । मिली जानकारी के अनुसार केंदई के परलाबीट में इन दिनों हाथियो का 4 सदस्यीय दल विचरण कर रहा है। हाथियो का यह दल गुरूवार की रात 8 बजे जटगा रोड को पार कर रहा था। इसी दौरान हड़मोड़ निवासी पहलवान सिंह पिता गोविन्द उम्र 24 वर्ष अपने साथी संतोष (34) वर्ष निवासी उधनापुर खड़गंवा के साथ बाईक पर सवार होकर इस मार्ग से जा रहा था। तभी अचानक उनकी नजर सड़क पार कर रहे हाथियो पर पड़ी। हाथियों को देखकर बाईक चला रहा युवक पहलवान हड़बड़ा गया । और अचानक ब्रेक लगाया । जिससे वह अनियत्रित होकर गिर गया । और उसमें सवार दोनों युवक घायल हो गए हाथी को देखकर दो यवुको के घायल होने की जानकारी जैसे ही रेंजर अभिषेक दुबे को मिली उन्होने तत्काल हाथी ड्यूटी में तैनात लोगों को इसकी सूचना दी। जिर पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे । अब घायल युवको को अस्पताल पहुंचाया जहां प्रथामिक उपचार के बाद युवको को छुट्टी दे दी गईहै। इस बीच एतमा नगर रेंज के कटमोरगा गांव में मौजूद 18 हाथियों के दल ने पचरा क्षेत्र का रूख कर लिया है। दल में एक उत्पाती दंतैल शामिल है। जो रात में अलग होकर बस्ती में पहुंच जाता है। और उत्पात मचाता है उत्पाती दंतैल ने बुधवार की रात एक बार फिर कटमोरगा बस्ती में प्रवेश कर एक ग्रामीण के आवास को उत्पात मचाते हुए धवस्त कर दिया इतना ही नही वहां रखे घरेलू सामानों को भी तहसनहस कर डाला। मलबे में दबने से दो मुर्गी की भी मौत हो गई इधर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में 8 हाथियो की दहसत बनी हुई है। सात हाथी चचिया परिसर तथा एक लोनर गीतकुंवारी में घूम रहा है। जिसकी निगरानी वन अमला द्वारा की जा रही है।

# 4 महीने तक रेत घाट बंद, ढपढप सहित कई जगह रेत चोरी



**कोरबा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की व्यवस्था के अंतर्गत 15 अक्टूबर तक के लिए कोरबा जिले में रेत घाट बंद हुए हैं । इस स्थिति में सरकार के तंत्र की नाक के नीचे अवैध खनन और भंडारण तेज हो गया है। कोरबा जिले के ढपढप समेत कई स्थान से रेत चोरी से लेकर अवैध भंडारण का काम एकाएक बढ़ गया है।

वर्षा कालखंड में नदी नालों के साथ पेश आने वाली चुनौतियां और कई तकनीकी कारणों से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पिछले के वर्षों से इस पूरे सीजन में रेत खनन और परिवहन जैसे कार्यों को बंद रखता है। इस बार भी प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाते हुए 15 अक्टूबर तक के लिए सभी रेट घाटों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां पर किसी भी प्रकार की उत्खनन संबंधी गतिविधियां नहीं हो सकेंगे। हर बार की तरह इस वर्ष भी अधिकारियों ने आदेश जारी कर दिया है और लगभग मान लिया है कि इसके अंतर्गत जिले में कामकाज नही चलेगा। लेकिन सच् यही है कि प्रतिबंध के पहले भी रेत की चोरी विभिन्न क्षेत्रों से चल रही थी और अभी भी इसमें किसी प्रकार की रोक नहीं लग सकी है। जानकार सूत्रों ने बताया कि ढपढप, सर्वमंगला नगर, धवाईपुर सहित कई स्थानों से रेत की चोरी व्यापक पैमाने पर हो रही है। संगठित गिरोह इस काम में लगा हुआ है जिसे रोक पाने में प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी नाकाम साबित हो रहे हैं। बताया गया कि रेत चोरी से जुड़ी हुई गतिविधियों में राजनीतिक दलों के लोगों के अलावा चोरी चकारी और अवैध कार्य में पहले से संलग्न रहे चेहरे शामिल है जिन्हें हर स्तर पर संरक्षण मिल रहा है। मामला ऊंची पहुंच का है । इसलिए इस प्रकार की चीजों की जानकारी होने के बावजूद उचित कार्रवाई करने में अधिकारियों को सोचना पड़ जाता है कि क्या करें , क्या ना करें।

### मनमाने ढंग से कीमतें बढ़ी

आपदा में अवसर पर बेहतर तरीके से काम करने वाला वर्ग रेत के मामले में सक्रिय हो गया है। जानकारों ने बताया कि जिले में रेत का रेट भी 3 दिन में ही 500 रुपए तक बढ़ गया है। पहले प्रति ट्रैक्टर 1500 रुपए घर पहुंचाकर देते थे, वह अब 2 हजार तक हो गया है। नदी-नालों में अवैध खनन पर भी जिम्मेदार विभाग रोक लगा नहीं पा रहे हैं।

### सिर्फ 16 घाटों का संचालन

जिले में 24 रेतघाट हैं लेकिन वर्तमान में 16 घाट ही चल रहे थे। इनके संचालन का अधिकार ग्राम पंचायतों और निकायों के पास है। लेकिन जमीन पर कई घाट ठेकेदार ही चला रहे हैं। रेत ठेकेदारों ने पहले से ही भंडारण करने लाइसेंस लिया है। इनमें से 6 के पास लाइसेंस भी नहीं है। भंडारण की आड़ में रेत चोरी हो रही है। हसदेव नदी पर बांगो से लेकर फरसवानी, चिचोली तक अलग-अलग रेत घाट है। बागो में रेत घाट से चोरी हो रही है। यहां पर भंडारण का लाइसेंस मिला है, जहां रेत की रोजाना मात्रा बढ़ रही है। इसके बाद भी खनिज विभाग सत्यापन नहीं करता है। इसका तस्कर फायदा उठा रहे हैं। इसके अलावा अहिरन नदी, सोन नदी, खोलार नदी, लीलगर नदी के साथ ही कई बड़े नाले हैं, जहां से रेत चोरी हो रही है। अवैध खनिज खनन और परिवहन रोकने जिले में टास्क फोर्स है, लेकिन कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इससे ऐसा लगता है कि पूरी मनमानी संरक्षित माहौल में हो रही है।

## अतिक्रमण से रास्ता हुआ संकरा, लोग चाहते हैं हो हस्तक्षेप



**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड नंबर दस सीतामणी ईलाके में लगातार हो रहे अतिक्रमण से वार्ड के लोग काफी परेशान नजर आ रहे है। शुक्रवार को क्षेत्र के लोग कलेक्टर के पास पहुंचे और अतिक्रमण को हटाने की मांग की। गौरतलब है,कि मनोज गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा चंडिका मंदिर के सामने कुम्हार मुहल्ला के गलि से रोड किनारे तक ठेला गुमटी लगाकार बेजा कब्जा कर लिया गया है,जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है,कि मार्ग इतना संकरा हो गया है,कि लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

## 24 जिलों में रक्तदान का संदेश देकर लौटे युवक

**कोरबा।** लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने की मंशा से कोरबा जिले के दो युवा सायकल यात्रा के माध्यम से प्रदेश के 24 जिलों का भ्रमण कर कोरबा वापस लौट आए है। दोनों युवाओं ने भीषण गर्मी के बीच लोगों को बताया,कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है जिसके माध्यम से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। कोरबा वापसी होने पर दोनों युवाओं का फूल माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। युवाओं ने बताया,कि सायकल यात्रा के जरिए उन्होंने करीब ढाई लाख लोगों को पॉम्पलेट के जरिए रक्तदान के प्रति जागरुक किया।

## शीघ्र बनेगी नई औद्योगिक नीति : लखन



**कोरबा।** नई औद्योगिक नीति के लिए उद्योग विभाग द्वारा लगातार अलग-अलग उद्योग संगठनों से विचार विमर्श कर उनके अमूल्य सुझाव लिए जा रहे हैं, अब तक प्रदेश के 20 अलग-अलग उद्योग संघों से सुझाव लिए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिसा, मध्यप्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के उद्योग नीति पर स्टडी भी विभाग द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश प्रोत्साहन बढ़ाने की दिशा में जोर दिया जा रहा है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं की नई औद्योगिक नीति में हर सेक्टर पर फोकस होना चाहिए। नए सेक्टर जैसे फार्मास्युटिकल, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टरों के उद्योग ज्यादा से ज्यादा लगें, ताकि रोजगार भी अधिक लोगों को मिले और प्रदेश में निवेश भी बढ़े। इन सेक्टरों के उद्योग लगने से प्रदूषण के बढ़ने की संभावना भी कम रहेगी।

## तीन दिन में प्राथमिक चीजें सीखेंगे युवा

**कोरबा।** जिले के देवपहरी में 14 जून से 17 जून तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रारंभिक रखा गया है। आज शाम इसका शुभारंभ होगा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के युवा इसमें शामिल हो रहे हैं। उन्हें आधारभूत विषयों के संबंध में व्यवहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बिजली उत्पादन से जुड़ी प्रक्रिया देखी महिलाओं ने



**कोरबा।** डीएसपीएम संयंत्र के वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के मार्गदर्शन में पर्यावरण दिवस के तारतम्य में प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सविता सचदेवा, आकृति महिला मंडल की अध्यक्षा निवेदिता बंजारा, एवं संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा निहारीका शर्मा सहित प्रेरणा मण्डल की सभी सदस्याओं द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व का भ्रमण किया गया, इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ द्वारा सर्विस बिल्डींग पोर्च में सभी को विजिटर पास देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात् संयंत्र के एमसीआर, टरबाईन फ्लोर, बॉयलर एरिया, ओ आर टी कक्ष में पॉवर प्वांइट प्रेजेंनटेशन द्वारा कोयला एवं पानी के द्वारा बिजली बनाने की प्रक्रिया को संक्षिप्त रूप से बताया गया। तत्पश्चात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डीएम प्लांट, एरिएटर, क्लेरिफायर, केमिकल लैब, कुलिंग टॉवर, क्लोरीनेशन प्लांट सीटी बेसिन केनाल एवं न्यू सल्फ्यूरिक एसिड टैंक एरिया का भ्रमण कराया गया तथा संबंधित शाखा के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई। सभी सदस्याए पहली बार इस तरह का अनुभव मिलने पर अत्यधिक हर्षित एवं रोमांचित हुई। अध्यक्षा सविता सचदेव, निवेदिता बंजारा एवं निहारीका शर्मा ने संयंत्र भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया की इस तरह संयंत्र भ्रमण होते रहना चाहिए जिससे ज्ञान में वृद्धि एवं जानकारी प्राप्त होती है।

इसी अवसर पर वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं सभी को कपड़े की थैली तथा नैपकीन, स्टील चम्मच वितरण कर प्लास्टिक का उपयोग न करने पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाई।

इस अवसर पर प्रेरणा महिला मण्डल की पदाधिकारी उपाध्यक्षा अंजना कुजुर, प्रियंका सूर्यवंशी, अनिता टंडन, साधना सोनी, अंजना मंडलोई, सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता, निशा गोठी, उत्तरा ठाकुर, अनु सरना, ज्योत्सना पुनवाटकर, रश्मि साहू, सुनीता शर्मा, स्मिता शर्मा, हेमलता गुरूपंच, रंजीता कश्यप, नंदिनी साहू उपस्थित रही। विशेष सहयोग रसायन विभाग के वरिष्ठ रसायनज्ञ रश्मि उसेंडी, प्रतिमा तिर्की, दिप्ती भादे एवं सहायक अभियंता (बीएमडी) कमलकांत यदु का रहा।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com